दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 23 | जयपुर, सोमवार 09 फरवरी, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर राज्य सरकार निरंतर कर रही कार्य : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बहल गांव में ग्राम उत्थान शिविर का किया अवलोकन और 152 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण, मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री संजय शर्मा, स्थानीय विधायक सुखवंत सिंह, विधायक जसवंत यादव, रमेश खींची, महंत बालक नाथ, भाजपा प्रत्याशी बन्ना लाल मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता और कोई अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, श्रमिक और पशुपालकों सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकार स्वयं पात्र लाभान्वितों तक पहुंच रही है और संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को रामगढ़ के ग्राम बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अलवर शहर के लिए 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े लोकार्पण और शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उन्होंने रामगढ विधायक सुखवंत सिंह की मांग पर रामगढ में मिनी सचिवालय बनाने की घोषणा की।

## गांव बन रहे आत्मनिर्भर और सशक्त

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांवों में देश की आत्मा बसती है। इसी मूल मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की रूपरेखा बनाई है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गांवों को खुले में शौच से मुक्ति मिल रही है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान और जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के कार्य किए जा रहे हैं।

## विकसित भारत का संकल्प होगा साकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीबी जी राम जी कानून में ग्रामीणों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस कानून के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ और आधुनिक तकनीक के माध्यम से होंगे, जिससे श्रमिकों की मजदूरी सीधे उनके खाते में पहुंचेगी। स्थायी संपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांवों का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में नरेगा की खामियों को दूर किया गया है। यह कानून विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## 1 हजार 800 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन, ग्रामीणों को मिली राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 1800 से ज्यादा ग्राम उत्थान शिविर लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इन शिविरों में 1 लाख 34 हजार से ज्यादा सॉइल हेल्थ कार्ड और 65 हजार से अधिक स्वामित्व कार्ड के वितरण के साथ ही 37 हजार किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन लिए गए हैं। इसी प्रकार लगभग साढ़े 6 लाख पशुओं का उपचार और पीएम सूर्य घर योजना के तहत 36 हजार से अधिक का पंजीकरण किया गया है।

## राजस्थान में 9 हजार रुपये की किसान सम्मान निधि

मुख्यमंत्रीशर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालकों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारंभ की है। इसके माध्यम से पशुओं का पंजीकरण हो रहा है और तत्काल स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने की दिशा में प्राथमिक और डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण किया जा रहा है। वहीं, महिलाओं को संबल प्रदान करने के दृष्टिगत दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 9 हजार रुपये की राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, इस वर्ष के लिए 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सभी प्रतियोगी परीक्षाएं एवं नियुक्तियां पारदर्शिता के साथ हुई हैं। शर्मा ने युवाओं से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।





## पिछली गहलोत सरकार ने 5 साल में जितने काम किया उन कामों से कई गुना ज्यादा काम भजनलाल सरकार ने 2 साल में कर दिए

स्थानीय रामगढ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश में पिछली गहलोत सरकार ने पूरे 5 साल में जितने काम किया उन कामों से कई गुना ज्यादा काम हमारे भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में ही कर दिए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं और पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में प्रदेश में तेजी से सर्वांगीण विकास हुआ है उन्होंने रामगढ क्षेत्र में 100 रूपये की विभिन्न सडकें बनवाने, रामगढ में उप जिला चिकित्सालय एवं गोविन्दगढ सीएचसी में बैड बढाने पर आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिविर में दर्जन भर विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया

शिविर में मुख्यमंत्री शर्मा एवं अतिथियों ने ग्राम उत्थान शिविर में 12 विभागों की स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चौक, प्रमाण पत्र तथा 4 विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर सौंपी। उन्होंने कृषि, उद्यान, सहकारिता, कृषि विपणन, पशुपालन, मत्स्य, पंचायती राज, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., उद्योग, सरस डेयरी एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लगाई गई विभागीय योजनाओं की स्टॉल्स का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहे। इसके लिए इन योजनाओं की आमजन को जानकारी प्रदान करें तथा इनका व्यापक प्रचार-प्रसार सभी पात्र लाभार्थियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराया जावे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माने152 करोड रुपए विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर शहर के विकास को गति प्रदान करने हेतु 62.75 करोड रूपये की लागत के कार्यों का लोकार्पण एवं 91.01 करोड रूपये की लागत के नवीन कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें लोकार्पण कार्यों में 4 करोड रूपये की लागत के अम्बेडकर नगर योजना एवं वैशाली नगर योजना में शेष सडकों पर पेवर फिनिशर द्वारा डामरीकरण द्वारा पेवरीकरण कार्य, 3.90 करोड रूपये की लागत के अधिशासी अभियन्ता तृतीय के स्कीम एरिया में पेवन फिनिशर द्वारा कारपेंटिंग कार्य, 2.17 करोड रूपये की लागत के न्यास की वेयर हाउसिंग गोदाम योजना के ब्लॉक ए, बी एवं सी में पेवर फिनिशर द्वारा डामरीकरण कार्य, 1.50 करोड रूपये की लागत के अम्बेडकर नगर योजना के विभिन्न ब्लॉकों में डामरीकरण कार्य, करीब 1.44 करोड रूपये की लागत से अम्बेडकर नगर में 200 फीट बाईपास से बीरा गार्डन होते हुए देहली रोड तक पेवरीकरण कार्य, करीब 1. 29 करोड की लागत से अधिशासी अभियन्ता तृतीय के कार्यक्षेत्र में बुध विहार विस्तार एवं बुध विहार योजना में सडकों पर पेवर फिनिशर द्वारा डामरीकरण कार्य, करीब 1.15 करोड रूपये की लागत से अरावली विहार फेज प्रथम व द्वितीय में विद्युतीकरण कार्य, एक करोड की लागत के अधिशासी अभियन्ता चतुर्थ के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर निर्मित सीसी सडकों का कार्य व एक करोड रूपये की लागत के अधिशासी अभियन्ता द्वितीय के कार्य क्षेत्र में निर्मित सीसी सडक का कार्य सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इसी प्रकार शिलान्यास कार्यों में करीब 22.15 करोड रूपये की लागत से बनने वाले शालीमार नगर योजना में सीवरेज लाइन एवं एसटीपी निर्माण कार्य, करीब18.19 करोड रूपये की लागत के विज्ञान नगर योजना में सीवरेज लाइन एवं एसटीपी निर्माण कार्य, 6.63 करोड रूपये की लागत के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एथलेटिक/सिंथेटिक ट्रैक कार्य, 3.61 करोड रूपये की लागत के नमन होटल से साफिया होटल सूर्य नगर तक एवं 200 फिट बाईपास से दिल्ली रोड पर सडक पर पेवर फिनिशर द्वारा डामरीकरण का कार्य, 3.44 करोड रूपये की लागत के अग्रसेन सर्किल से 200 फीट बाईपास तक सडक चौडाईकरण एवं कारपेंटिंग कार्य, करीब 3 करोड रूपये की लागत के वैशाली नगर ब्लॉक ए, बी एवं सी के आंतरिक सडकों पर पेवर फिनिशर द्वारा डामरीकरण कार्य, 2.86 करोड रूपये की लागत के हनुमान सर्किल से बगड तिराया तक डिवाइडर पर रोड लाइट लगाने का कार्य तथा 2.17 करोड रूपये की लागत से अम्बेडकर नगर व वैशाली नगर वेयर हाउस गोदाम पेवरीकरण कार्य सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कठूमर विधायक रमेश खींची, तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ योगी, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, संभागीय आयुक्त पूनम, महानिरीक्षक जयपुर रेंज रागवेन्द्र सुहास, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व विधायक जयराम जाटव व रामहेत यादव, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरुका, पं. धर्मवीर शर्मा, बन्नाराम मीणा, डॉ मोहित यादव सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, बड़ी संख्या में मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के राज में या तो परीक्षा से पहले घोटाला होता था या फिर परीक्षा के बाद भाई भतीजाबादः भूपेंद्र यादव

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक युवा खून के आंसू रोता रहा पूरे 5 साल तक सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे या तो परीक्षा के पहले घोटाला होता था या फिर परीक्षा के बाद भाई भतीजाबाद जिसकी वजह से पूरे 5 साल तक राजस्थान का युवा नौकरी के लिए तरसता रहा लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में जितनी भी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया उनमें एक में भी पेपर लीक और गड़बड़ी की शिकायत सामने नहीं आई इसी का परिणाम रहा की प्रदेश में अब तक करीब 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है और करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चालू वर्ष में भी 1 लाख नई सरकारी भर्ती का कैलेंडर जारी करके प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य किया है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करते हुए चहुंमुखी विकास को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से डेयरी, फार्म पौण्ड, सौर ऊर्जा आदि के कार्य सुगमता से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश में जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विश्वास सुनिश्चित करते हुए विकसित राजस्थान का मार्ग तेजी से प्रशस्त हो रहा है। यादव ने अलवर में साढ़े 5 लाख लीटर क्षमता की डेयरी के लिए 250 करोड़ रुपये की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इससे जिले के किसानों एवं पशुपालकों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि डेयरी में नकली दूध पर प्रभावी लगाम लगाने के साथ ही बिना किसी भेदभाव के डेयरी का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। वहीं प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं में नकल माफिया पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक लाख से अधिक नियुक्ति प्रदान कर युवाओं के सपनों को साकार किया है तथा डेढ लाख से अधिक भर्तियों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि अलवर के पर्यटन विस्तार, टाइगर संरक्षण हेतु आयोजित की गई इंटरनेशनल अलवर टाइगर मैराथन में 20 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में अलवर में डेयरी क्षेत्र में मन मुताबिक नाम काटे गए और नाम जोड़े गए लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने सभी जाति और बिरादरी के लोगों को एक समान माना है और जो भी गुणात्मक तरीके से और नियमों के अनुसार डेरी उद्योग में कार्य कर रहा है उसे सरकार पूरा मान सम्मान दे रही है सरकार कोई भेदभाव नहीं कर रही उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने हाल ही में अलवर में 250 करोड रुपए दूध का नया संयंत्र स्थापित किया है जो अलवर क्षेत्र में डेरी उद्योग को बुलंदियों पर पहुंच जाएगा ।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल क्षेत्र में विकसित भारत 2047 के लिए रोडमैप प्रस्तुत किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 के रणनीतिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। रेल मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि यह बजट 2047 के लिए एक व्यापक रोडमैप है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण, नवाचार और समावेशी विकास के तीन प्रमुख स्तंभों के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करना है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में विनिर्माण क्षेत्र, विशेष रूप से उच्च-तकनीकी उद्योगों को दिए जा रहे महत्वपूर्ण प्रोत्साहन पर जोर दिया। इस बजट में भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 जैसी प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। वैश्विक चिप विनिर्माण में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा शीघ्र ही तैयार की जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण के लिए आवंटित राशि में 22,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 40,000 करोड़ रुपए होने



की उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्नाटक इस निवेश का प्रमुख लाभार्थी बना हुआ है, जहां राज्य के घटक क्षेत्र में पहले से ही लगभग 10,000 करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार बायोफार्मा, उच्च-तकनीकी टूल रूम, शिपिंग के लिए कंटेनर निर्माण और दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबकों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। रेल मंत्री ने कहा कि आईटी उद्योग पारंपरिक सॉफ्टवेयर मॉडल से एआई-आधारित सेवाओं की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए, बजट में आईटी क्षेत्र के लिए कर संरचनाओं को सरल बनाया गया है। एआई के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए, सरकार ने डेटा केंद्रों के लिए नियमों को सरल बनाया है और घरेलू और विदेशी निवेशकों के साथ समान व्यवहार किया है।

कर्नाटक में रेलवे अवसंरचना में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों का विवरण देते हुए अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कर्नाटक के लिए रिकॉर्ड तोड़ 7,748 करोड़ का रेलवे बजट घोषित किया गया है, जो 2009-2014 की अवधि के दौरान आवंटित औसत राशि से 9 गुना अधिक है। विद्युतीकरण और सुरक्षा प्रमाणपत्रों के पूरा होने के बाद जल्द ही बेंगलुरु से मंगलुरु को जोड़ने वाली एक नई वंदे भारत सेवा शुरू हो जाएगी। बेंगलुरु से चेन्नई और बेंगलुरु से हैदराबाद के बीच दो प्रमुख हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। बेंगलुरु-चेन्नई की यात्रा में मात्र 73 मिनट और बेंगलुरु-हैदराबाद की यात्रा में लगभग 2 घंटे लगने की उम्मीद है। बेंगलुरु उपनगरीय रेलवे की प्रगति के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि नए तकनीकी नेतृत्व में और नवीन 'प्री-कास्ट' निर्माण विधियों का उपयोग करते हुए चारों कॉरिडोर पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर देते हुए किया कि ये पहलें अल्पकालिक समाधानों के बजाय दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता देती हैं, जिससे भारत के आर्थिक भविष्य के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्चित होता है।

# केंद्रीय बजट से प्रदेश में रेल विकास को लगेंगे पंख, उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन से जुड़े लोग खुश

## बजट 2026-27 में अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए मिला पर्याप्त आवंटन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में रेलवे के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में पहली बार 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। राजस्थान में 56000 करोड़ रूपए से अधिक के कार्य प्रगति पर है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के 77 स्टेशनों को सम्मिलित किया गया है जिनका कार्य तीव्रता से प्रगति पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 77 स्टेशनों में से 5 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है जिनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया था। वर्तमान में 4 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो चुका है । इनके अतिरिक्त, इस वित्तीय वर्ष में मार्च 2026 तक 10 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अगले वर्ष 2026-27 में 40 से अधिक स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए बजट में पर्याप्त आवंटन का प्रावधान किया गया है ताकि इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य सुगमता से पूर्ण हो सके। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास में स्थानीय कला को ध्यान मे रखकर आधुनिकता का समावेश किया जा रहा है। यात्रियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए आगमन और प्रस्थान का अलग-अलग प्रावधान किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए आवश्यकता अनुसार लिफ्ट, एस्केलेटर, एग्जीक्यूटिव लांउज, वेटिंग रूम, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कैफेटेरिया, पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। अमृत स्टेशन पुनर्विकास योजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को आने जाने मे सुविधा होगी, स्वच्छ और आधुनिक रेलवे स्टेशनों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा।



## सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था जिला अलवर की कार्यकारिणी का हुआ गठन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार अलवर जिलाध्यक्ष दशरथ सैनी ने अपनी नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर सभी को जिम्मेदारियों सौपी है। कार्यकारिणी में संरक्षक हीरालाल सैनी, जगराम सैनी, रामप्रसाद सैनी, सुरेश खुराडिया, कमल प्रकाश सैनी, सलाहकार लक्ष्मण खुराडिया, रमेश सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबेदार सुरेश सैनी, राजकुमार सैनी, हुकमचन्द सैनी, उपाध्यक्ष बबलेश सैनी, हनुमान सैनी, बाबूलाल सैनी, भगवती सैनी, बोदनराम सैनी, प्रीतम सैनी, कैलाश सैनी, लक्ष्मण सैनी, महासचिव रवि सैनी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, संयुक्त सचिव प्रमोद सैनी, रजनीकान्त सैनी, सर्वेश सैनी, नरेन्द्र सैनी, नवीन सैनी, महेश सैनी, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी - कविता सैनी को शामिल किया गया है।

## विराट हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विराट हिन्दू सम्मेलन श्योपुर नगर हनुमान बस्ती, सांगानेर में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पूरण माली, संरक्षक रमेश कुलवाल, किन्नर अखाड़े की प्रमुख मनीषा, पुज्य सन्त महामण्डलेश्वर श्री लीलाधर जी, सत्यनारायण छीपा, भाजपा श्योपुर मण्डल अध्यक्ष गोपाल सैनी, गौरी शंकर सैनी, योगेश सैनी, कमल शर्मा, श्याम खंडेलवाल, सुनील सोनी, विनोद सिंगोदिया, रविन्द्र खण्डेलवाल, एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




भव्य कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कांवरिया सेना संगठन ने केसर दूध केले का प्रसाद वितरण करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की। राम भक्त हनुमान मण्डली द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा कांवरिया सेना संगठन राजस्थान प्रभारी राजपाल सिंह जायसवाल का दुपट्टा ओर राम जी का फोटो फ्रेम देकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम पश्चात हजारों की संख्या में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति ने रिटायर्ड मेजर लांबा का अलवर आने पर किया स्वागत

### दीप प्रज्वलन कार्यक्रम को देश भर में आगे बढ़ाने पर की चर्चा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा का अलवर आगमन पर ईटाराणा छावनी में स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया। समिति संरक्षक सुभाष अग्रवाल ने बताया कि अलवर ईटाराणा में समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय के नेतृत्व में रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा, कर्नल नवीन मग्गो, राहुल तिवारी, अमित देसाई व संजय घोष का तिरंगा व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान रिटायर्ड मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह लांबा ने समिति के कार्यक्रम की सराहना करते हुए आश्वस्त किया की भविष्य में भी इसी प्रकार समिति के कार्यक्रम को सहयोग प्राप्त होता रहेगा। स्वागत के दौरान छोटी बच्ची जाह्नवी विजय ने देशभक्ति और सेना के जवानों के जीवन से जुड़ी कविता सुनाई जिसे सुनकर सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के संदर्भ में समिति से जुड़े एडवोकेट गौरव शर्मा ने बताया कि ईटाराणा छावनी में स्टेशन कमांडर पद पर रहते हुए इंद्रजीत सिंह लांबा ने समिति के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसके बाद से ही भारतीय सेना के जवानों की भागीदारी व देश की अलग अलग छावनियों में कार्यक्रम आयोजित होने लगा है । भविष्य में कार्यक्रम को देश के कोने कोने तक पहुंचाने के विषय में चर्चा की। इस दौरान समिति से जुड़े महेश खंडेलवाल, हेमचंद्र विजय, एडवोकेट अजीत सोनी, मोहित पंडित, प्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र विजय, विनोद खंडेलवाल संजय बवेजा, इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने सेना के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत चूरू जिला 427 आवेदनों के साथ प्रदेश में अग्रणी

जयपुर टाइम्स

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित करते हुए उनके कौशल को बढ़ाने का काम कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत सभी वर्गों के पात्र व्यक्तियों को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार आधारित नवीन उद्यमों सहित स्थापित उद्यम के विस्तार, विविधीकरण या आधुनिकीकरण हेतु ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, जिस पर राज्य सरकार द्वारा मार्जिन मनी तथा शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं सीजीटी फीस का पुनर्भरण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि योजना की पात्रता में आवेदक राजस्थान का मूल निवासी, उम्र 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना अन्तर्गत 08 वीं से 12 वीं कक्षा पास आवेदक को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में 3.5 लाख रुपए एवं विनिर्माण क्षेत्र में 7.5 लाख रुपए तक की अधिकतम ऋण सीमा होगी, जिसमें ऋण राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 35000 रुपए मार्जिन मनी सहायता तथा ग्रेजुएट/आई.टी.आई. प्रमाण पत्र धारक आवेदक को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में 5 लाख रुपए एवं विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रुपए तक की अधिकतम ऋण सीमा होगी, जिसमें ऋण राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 50000 रुपए की मार्जिन मनी सहायता प्रदान की जाएगी। योजनान्तर्गत एसएसओ पोर्टल पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आइकन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि आदिनांक तक पोर्टल के माध्यम से जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चूरू में कुल 427 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जो कि सर्वाधिक हैं।

# लुपिन फाउंडेशन के प्रणेता डॉ. देशबंधु गुप्ता की जयंती पर सेवा दिवस का आयोजन

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** लुपिन समूह के प्रणेता एवं जनक डॉ. देशबंधु गुप्ता की जयंती के अवसर पर लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन, अलवर द्वारा सेवा दिवस का आयोजन राजगढ़ स्थित तुषार गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के स्टेट हेड अनिल गुप्ता एवं जिला स्वास्थ्य प्रबंधक रवि दाधीच द्वारा डॉ. देशबंधु गुप्ता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के स्टेट हेड अनिल गुप्ता ने बताया कि संस्था जिले में दस हजार किसानों के साथ कृषि आधारित आजीविका सशक्तिकरण बढ़ाने व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही है जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को नई तकनीकों के माध्यम से बेहतर उपज प्राप्त कराने मृदा स्वास्थ्य में सुधार जल उपयोग दक्षता बढ़ाने (ड्रिप, रेन पाइप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली), बेहतर बाजार संपर्क हेतु एफपीओ गठन, तथा पशु स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

संस्था के जिला स्वास्थ्य प्रबंधक रवि दाधीच ने एमसीडी से संबंधित रोगो के बचाव एवं जीवन शैली में सुधार हेतु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जिले में ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक डॉ मोहनलाल मीणा द्वारा किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक पशु पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा मानव पोषण विषय पर मनीष मेहरा द्वारा संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर पशु पोषण किट पोस्टर का विमोचन किया गया व जिले में संस्था के कार्यों में सहयोग देने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। साथ ही 2300 पशुपालकों को पशु पोषण किट, 90 पशुपालकों को वर्मी बैग तथा कृषि वानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु 1000 नींबू के पौधे उपलब्ध करवाए गए। साथ ही संस्था द्वारा पोषित कृषक उत्पादक संगठन द्वारा क्रय की गई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्नतशील कृषक उत्पादक संगठन, तिजारा को ग्रेडिंग यूनिट की स्थापना हेतु तथा महाकालेश्वर कृषक उत्पादक संगठन, सरमथुरा एवं कठूमर एफपीओ को चौपहिया वाहन के सहयोग के लिए तीन-तीन लाख रुपये के चेक व चाबी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था द्वारा गठित एवं संवर्धित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाने के प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। कृषि आधारित आजीविका सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत राजगढ़ कृषक समृद्धि एफपीओ को स्टिकी ट्रैप मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हेतु सहयोग प्रदान किया जा चुका है, जिससे किसानों को कीटनाशक-रहित एवं पर्यावरण-अनुकूल कीट नियंत्रण उपाय उपलब्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम में भगवान सहाय, राजेश कुमार, दीपक महाजन, महावीर शर्मा, गिर्राज, नरेश व परियोजना क्षेत्र में कार्य करने वाले समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 300 से अधिक पुरुष व महिला किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मानवेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

### संयुक्त शिक्षा परिवार का सम्मान समारोह

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता टीम का भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** संयुक्त शिक्षा परिवार की ओर से शहर के नया बस स्टैंड स्थित बीएल पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाकर 69 वर्षों में स्वर्णिम इतिहास रचने वाली टीम, ऑफिशियल्स एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा रहे। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेता टीम, ऑफिशियल्स तथा गुरु द्रोणाचार्य के रूप में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. दीपिका अरोड़ा को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि पं. धर्मवीर शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता सुनील बिलखा, निदेशक बीएल पब्लिक स्कूल ने की। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट विक्रम चौधरी, सहसंयोजक महेंद्र चौधरी, एडवोकेट अंजना तिवारी एवं राजेश चंदेला रहे। कार्यक्रम संयोजक लोकेश मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान टीम के दक्ष ऑफिशियल्स चंद्रवीर सिंह, गोपीचंद, राज कपूर ओझा तथा खिलाड़ी उन्नति सिंह (कप्तान), ईशी त्रिवेदी (उपकप्तान), ममता, कृति कंवर, कोमल राठौर, कल्पना शेखावत, सिमरन परवीन, जयश्री मंत्री को सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों के रूप में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली के प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी एवं समस्त स्टाफ, विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जाडला, तारा सैनी, आशा सुमन, सुनील जैन, बिशन कालरा, धनेश मीणा, हमेंद्र जैन, प्रधानाचार्य राजेश मुखिया, सुरेश तनेजा, गीता ठाकुर, जगजीत कौर, लीना मीना, कविता यादव एवं रजनीश बांगा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## फतियाबाद गौशाला के वार्षिक उत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पर्यावरण संरक्षण और डेयरी विकास पर दिया जोर





जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव फतियाबाद गौशाला के तीसरे वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश और दुनिया के सामने सबसे बड़ा संकट पर्यावरण का है। उन्होंने गौशाला के आसपास स्थित पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि आधुनिक युग में हम रॉकेट बना सकते हैं, चांद पर पहुंच सकते हैं और मोबाइल तैयार कर सकते हैं, लेकिन पेड़ और अनाज केवल धरती माता ही उगा सकती हैं। इसलिए प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में हरियाली की जगह प्लास्टिक का उपयोग बढ़ता जा रहा है, जो भूमि को जहरीला और बंजर बना रहा है। ऐसे में गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की सोच के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने डेयरी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सरस डेयरी के क्षेत्र में राज्य सरकार और एनडीडीबी के सहयोग से लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से 5.5 लाख लीटर क्षमता का संयंत्र स्थापित किया जाएगा। अलवर जिले में डेयरी क्षेत्र में हुए सुधारों के परिणामस्वरूप सरस डेयरी ने एक ही दिन में 3,67,000 लीटर दूध एकत्रित कर नया रिकॉर्ड कायम किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब पशु नस्ल सुधार और चारा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि डेयरी क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वन मंत्री द्वारा फतेहाबाद गौशाला में बने नए कमरों का उद्घाटन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव, मंजीत चौधरी, जयराम जाटव, सरस बोर्ड डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 511 कलश के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा, शिव कृपा आनंद महोत्सव

### श्रीराम मंदिर,अपना घर शालीमार में 9 से 15 फरवरी तक दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी सुंदर शिव कथा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** ब्रह्मलीन संत गुरुश्री शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) की असीम अनुकम्पा से संत डॉ. शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में रविवार को श्रीराम मंदिर, अपना घर शालीमार में शिव कृपा आनन्द महोत्सव शिव कथा का आयोजन शुरू हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिधाम मंदिर, गेट नंबर 3, अपना घर शालीमार, अलवर से 511 कलश लेकर महिलाओं ने एक भव्य कलश यात्रा निकाली। यह आयोजन संत डॉक्टर शिवम साधक महाराज के पावन सानिध्य में प्रारंभ हुआ। यह महोत्सव 9 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा। सुंदर शिव कथा दोपहर में 01 बजे से शाम 04 बजे तक चलेगा।

वहीं रात्रि में जहां नए-नए उत्सव होंगे। कलश यात्रा के दौरान सभी कष्टों के निवारण हेतु भगवान शिव का विशेष दिव्य चंदन प्रसाद महाराज ने भक्तों के मस्तक पर लगाया।

संत ने बताया कि यह ऐसा चंदन प्रसाद है जिसको लगाकर हजारों भक्तों की बीमारियां दूर हुई है। इस पावन उपलक्ष पर मिस्टर हाई थिंक मयंक कुशवाहा लखनऊ से पधारे हैं । साधक सेवा समिति अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस सी मित्तल ने संत महाराज का स्वागत कर यात्रा को प्रारंभ कराया। मंगल कथा के यजमान सेठ मदनलाल गुप्ता रहेगे। कलश यात्रा में सुभाष चंद्र मित्तल, कैलाश अवस्थी, अल्का मित्तल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। साधक सेवा समिति अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि यह भव्य आयोजन डॉ. श्री शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में सोमवार 09 फ़रवरी को गणेश जी का 1008 सहस्त्रनाम, 10 फ़रवरी को खाटूश्याम ज्योति पूजन एवं भजन संध्या,11 फ़रवरी को ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। वहीं 12 फ़रवरी को सुन्दरकाण्ड का पथ किया जाएगा,13 फ़रवरी को हल्दी एवं मेहंदी एवं भजन संध्या का आयोजन होगा,14 फ़रवरी को हिंडोला उत्सव एवं मुकुल दिवेदी भजन संध्या का आयोजन होगा। इसी क्रम में आखरी दिन 15 फ़रवरी को 108 अभिषेक एवं ज्योतिर्लिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। डॉ ने बताया कि इस कार्यक्रम में भगवान् शिव की विशेष कृपा की वर्षा हम सभी पर होने वाली है, जिसमे सुन्दर शिव कथा का आयोजन होने जा रहा है। रात्री में रोज रोज नए नए उत्सवो का आनन्द लेंगे ओर महाशिव रात्रि के दिन 108 महा विशेष रुद्राभिषेक किये जायेंगे। उसके बाद भगवान् शिव की सुन्दर यात्रा बारात निकलेगी ओर इसमें एक कन्या का विवाह भी कराया जाएगा। डॉ. ने आग्रह किया है कि इस प्रतिदिन कथा में एवं कन्या के विवाह में पधारकर आनन्द एवं शिव जी महाराज की कृपा का प्रसाद ले एवं अपने मंगलमयी जीवन को कृतार्थ करे। बुधवार,11 फ़रवरी की सांय 7 बजे श्री राम मंदिर, अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी।

# यूसआईएसपीएफ में रोहित कुमार सिंह को बड़ी जिम्मेदारी, ग्लोबल वैल्यू चेन्स कमेटी के चेयर व बोर्ड के सलाहकार नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली।** यूएस-इंडिया आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) ने भारत सरकार के पूर्व सचिव रोहित कुमार सिंह को USISPF ग्लोबल वैल्यू चेन्स कमेटी का चेयर और USISPF बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का सलाहकार नियुक्त किया है। USISPF ने इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा करते हुए खुशी जताई है।

**ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने पर रहेगा फोकसः**

ग्लोबल वैल्यू चेन्स कमेटी के चेयर के रूप में रोहित कुमार सिंह USISPF के वैश्विक सदस्यों, उद्योग जगत और सरकारी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनका मुख्य फोकस रेगुलेटरी तालमेल, इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी और प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से मजबूत, लचीली और विविध वैश्विक सप्लाई चेन को बढ़ावा देना होगा। USISPF के अनुसार, ग्लोबल वैल्यू चेन्स को सशक्त करना भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ को गति देने, निर्यात को प्रोत्साहित करने और दक्षता में सुधार के जरिए लागत घटाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे भारत को वैश्विक व्यापार नेटवर्क में और गहराई से जोड़ते हुए निरंतर GDP विस्तार को भी समर्थन मिलेगा।

**अनुभवी आईएएस अधिकारी हैं रोहित कुमार सिंहः**

रोहित कुमार सिंह 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी हैं और राजस्थान कैडर से ताल्लुक रखते हैं। वे आर्थिक शासन, उपभोक्ता बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, डिजिटल गवर्नेंस, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के क्षेत्र में दशकों का व्यापक अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नौकरशाह हैं। हाल ही में उन्होंने भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स विभाग में सचिव के रूप में कार्य किया। उनके नेतृत्व में भारत का पहला -इनेबल्ड कंज्यूमर ग्रिवेंस रिड्रेसल इकोसिस्टम विकसित किया गया, जिससे उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आया। उनके कार्यकाल में देशभर की उपभोक्ता अदालतों को ई-फाइलिंग, केस ट्रैकिंग और बहुभाषी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डिजिटाइज़ किया गया। इसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 2023 में पहली बार दायर मामलों से अधिक उपभोक्ता मामलों का निपटारा हुआ। इसके अलावा नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन को 17 भाषाओं में उपलब्ध ओमनी-चैनल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया।

**डिजिटल और भरोसे पर आधारित होगी अगली पीढ़ी की ग्लोबल वैल्यू चेनः**

अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रोहित कुमार सिंह ने कहा कि ग्लोबल वैल्यू चेन की अगली पीढ़ी डिजिटल, डेटा-इनेबल्ड और भरोसे पर आधारित होगी। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल पब्लिक गुड्स में भारत का निवेश, ग्लोबल सप्लाई नेटवर्क में और गहराई से जुड़ने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। मैं इनोवेशन, लचीलापन और रेगुलेटरी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए USISPF के साथ काम करने को उत्सुक हूं, जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और ठोस आर्थिक परिणाम सामने आएंगे।

**USISPF नेतृत्व ने जताया भरोसाः**

USISPF के प्रेसिडेंट और CEO डॉ. मुकेश अघी ने कहा कि रोहित कुमार सिंह के पास पॉलिसी अनुभव और एग्जीक्यूशन लीडरशिप की असाधारण गहराई है। उन्होंने कहा कि AI-इनेबल्ड कंज्यूमर गवर्नेंस सुधारों से लेकर बड़े पैमाने पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए इनोवेटिव फाइनेंसिंग तक, उनका कार्य उस संस्थागत नेतृत्व का उदाहरण है, जिसकी जरूरत ग्लोबल वैल्यू चेन और आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए होती है। उनकी अंतर्दृष्टि USISPF के लिए बेहद मूल्यवान होगी।'

**शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी सशक्तः**

रोहित कुमार सिंह ने आईआईटी (बीएचयू) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने क्लार्कसन यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने के बाद उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (MPA) में भी मास्टर डिग्री प्राप्त की। USISPF ने रोहित कुमार सिंह का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके मार्गदर्शन में भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक, आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को नई गति मिलेगी और वैश्विक वैल्यू चेन में भारत की भूमिका और अधिक सशक्त होगी।

## स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस के डिब्बे में आग लगने से यात्रियों में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** दिल्ली से जैसलमेर की ओर आ रही स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस के एक डिब्बे में अचानक आग लगने की वजह से यात्रियों में दहशत छा गई जैसे ही ट्रेन में सवार यात्रियों ने डिब्बे से धुआं और आग की लपट उठती हुई दिखी उन्होंने तुरंत इस घटना के बारे में ट्रेन संचालन से जुड़े लोगों तक जानकारी पहुंचाई ट्रेन संचालन करने वाले लोगों ने तुरंत ट्रेन को जेठा चादन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोक लिया और आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए गए थोड़ी देर में आग पर काबू पा लिया गया जब तक आग पर काबू नहीं पाया गया तब तक मौके पर पहुंचे रेल प्रशासन जीआरपी और पुलिस के अधिकारियों ने ट्रेन के यात्रियों को ट्रेन से नीचे उतार दिया बाद में आग बुझाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया हालांकि इस आगजनी में किसी भी तरह की जनहानि और माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन यात्रियों का कहना है कि अगर समय रहते डिब्बे में लगी आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यहां पर बड़ा हादसा हो सकता था जिसमें यात्रियों की जान भी खतरे में हो सकती थी लेकिन ट्रेन के लोको पायलट ने तुरंत ही ट्रेन को रोका और डिब्बे में लगी आग के बारे में तुरंत ही संबंधित रेल प्रशासन के बड़े अधिकारियों को अवगत करवाया और सूचना मिलते ही रेल प्रशासन के अधिकारी मौके पर भी पहुंचे और जब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका तब तक अधिकारी खुद मौके पर रहे खबर लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई की डिब्बे में आग कैसे और किस तरह से लगी क्या किसी यात्री के लापरवाही और चूक से यह आग लगी या फिर ट्रेन में वायरिंग की तकनीकी खराबी की वजह से आग लगी इसके बारे में रेल प्रशासन की ओर से खबर लेकर जाने तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई थी लेकिन इस पूरे मामले को रेल प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने काफी गंभीरता से लिया है और इस मामले की जांच भी की जा रही है अगर जांच में रेल प्रशासन से जुड़ा कोई कर्मचारी अधिकारी दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है क्योंकि चलती हुई ट्रेन में अगर किसी कर्मचारी और अधिकारी की वजह से आगजनी की घटना होती है तो इसे साधारण घटना नहीं माना जा सकता इसलिए रेल प्रशासन इस पूरे मामले की कुछ स्तरीय जांच करवा रहा है ।

## पैंथर ने खेत पर काम कर रहे युवक पर बोला हमला, गंभीर युवक का अस्पताल में इलाज जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में रोजाना पैंथर के हमले से लोगों के घायल होने की घटनाएं पिछले कुछ दिनों से मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई है रोजाना प्रदेश के किसी ने किसी इलाके में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं जिसकी वजह से जंगलों के पास स्थित आवासीय बस्तियों में रहने वाले लोगों के चेहरे पर हर समय चिंता की लकीर छाई रहती है आजकल खेत में रवि की फसल लहरा रही है इसलिए किसान जंगली जानवरों से खड़ी फसल को बचाने के लिए दिन और रात खेत में ही बिता रहे हैं इसलिए जंगली जानवर अचानक खेत में काम कर रहे लोगों पर हमला बोल देते हैं यह हमले पैंथर की ओर से ज्यादा किया जा रहे हैं अभी हाल ही में बूंदी के डाबी क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे व्यक्ति पर पैंथर अचानक हमला बोल दिया जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया हालांकि घायल व्यक्ति ने पैंथर का मुकाबला भी किया और मुकाबला करने के दौरान वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा जिसकी वजह से आसपास के खेत में मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे लोगों के आने से पहले ही पैंथर घटना स्थल से भाग गया हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे हैं खबर लेकर जाने तक इस मामले में वन विभाग की ओर से पैंथर के हमले करने की पुष्टि नहीं की गई थी लेकिन घायल युवक को ग्रामीणों ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया है ।

## नौलखा किला की पहाड़ियों में भीषण आग, दमकल की गाड़ियां पहुंची मौके पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले में झालरापाटन में नौलखा किले की पहाड़ियों में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई है जिसकी वजह से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों मे खलबली मच गई सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग के कर्मचारी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे हैं दमकल की गाड़ियां युद्ध स्तर पर आग बुझाने का प्रयास भी कर रही है लेकिन पहाड़ियों में भारी मात्रा में सूखे पत्ते और सूखे पेड़ झाड़ियां इत्यादि होने की वजह से आग को कंट्रोल करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसके अलावा पहाड़ियों तक पहुंचने में भी राहत कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है फिर भी खबर लिखे जाने तक आग को कंट्रोल में कर लिया गया था लेकिन पहाड़ियों से धुआं का गब्बर उठकर आसमान की ओर जा रहा है जिसे देखकर आसपास के गांव के लोगों में चिंता जरूर है क्योंकि कई घर कच्चे हैं इसलिए लोग यह सोच रहे हैं कि अगर तेज हवा चली तो फिर आग की चिंगारी कच्चे घरों तक भी पहुंच सकती है जिसकी वजह से कच्चे घरों को नुकसान हो सकता है इसलिए आसपास के ग्रामीण भी इस घटना को लेकर काफी सजक और गंभीर है प्रशासन और पुलिस ने भी आसपास के गांव के लोगों को सचेत रहने को कहा है जानकारी के अनुसार झालरापाटन में ऐतिहासिक किला नौलखा के पीछे पहाड़ियों में यह आग किस कारण के वजह से लगी है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि शायद भेड़ बकरी चराने वाले किसी व्यक्ति ने ठंड से बचने के लिए यहां अलाव जलाया हो और फिर वह आग को बुझाई बिना यहां से चला गया हो जिसके बाद सूखे पत्ते और सुखी लड़कियों में लगी आग फैलती रही जिसकी वजह से आग ने भीषण रूप धारण कर लिया लेकिन इस आगजनी से पहाड़ियों में रहने वाले जीव जंतु भी काफी परेशान हैं फिलहाल प्रशासन का कहना है कि काफी हद तक अग्नि को नियंत्रित किया जा चुका है ।

## संसद में किसानों की मांग को जोरदार ढंग से उठाने पर सांसद हनुमान बेनीवाल को गुड से तोला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** संसद के चालू सत्र में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की ओर से किसान और युवाओं की मांग को जोरदार और प्रभावित तरीके से उठाने पर हनुमान बेनीवाल का प्रदेश के नागौर जिले के मेड़ता सिटी में पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया पूर्व विधायक इंदिरा बावरी की मौजूदगी में सैकड़ो किसानों ने हनुमान बेनीवाल का जोरदार स्वागत किया और उनके सम्मान में उन्हें तराजू पर बिठाकर गुड से तोला और फिर गुड को एक दूसरे को खिलाकर मुंह मीठा किया इस मौके पर बेनीवाल ने ग्रामीणों के साथ काफी देर तक बातचीत की ग्रामीणों ने अपनी ओर से बेनीवाल को कई तरह के शिकायती पत्र और क्षेत्र में विकास कार्य संबंधी ज्ञापन भी दिए बेनीवाल ने लोगों से कहा कि उन्होंने संसद में ग्रामीण क्षेत्र के कल्याण और विकास के लिए बड़े-बड़े मुद्दे उठाए हैं सरकार संसद में उनकी बात को सुनती भी है उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा ग्रामीण विकास किस और युवाओं के विकास को प्राथमिकता से लिया है और इसी आधार पर जहां भी मौका मिलता है वह अपनी बात कहते ही नहीं है बल्कि समस्याओं का समाधान भी करवाते हैं बेनीवाल ने ग्रामीण से कहा कि उन्होंने कभी भी पद के लालच में राजनीति नहीं की है बल्कि किसान और युवाओं के कल्याण और विकास का संकल्प लेकर राजनीति में उतरे हैं उन्होंने कहा कि अगर चाहता तो मोदी सरकार में मंत्री बन सकता था लेकिन किसानों के हित में उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ा और किसान बिलों का आंदोलनकारी किसानों के समर्थन में पुरजोर विरोध किया उन्होंने बातचीत में ग्रामीणों से कहा कि आने वाले पंचायत राज संस्थाओं में आपको ऐसे व्यक्ति को चुना है जो हमेशा सुख और दुख में आपके साथ रह।

# प्रदेश का आगामी बजट ऐतिहासिक और जन कल्याणकारी होगा : मदन राठौड़

### मदन राठौड़ ने पाली में प्रेस सम्मेलन आयोजित करके विभिन्न मुद्दों पर केंद्र और राजस्थान सरकार की स्थिति स्पष्ट की



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को पाली प्रवास के दौरान केंद्रीय बजट, व्यापार नीति, रेल कनेक्टिविटी, सुमेरपुर जवाई बांध पुनरोद्धार, किसानों के हित, संसद की मर्यादा, खेजड़ी संरक्षण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेस से संवाद किया। राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की ट्रेड डील पूरी तरह भारत के हित में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे यहां जिन वस्तुओं का प्रचुर उत्पादन होगा उनका निर्यात किया जाएगा और जिनकी कमी होगी, वही आयात होंगी। इस समझौते से देश को नुकसान नहीं बल्कि लाभ होगा।उन्होंने बताया कि पहले 25 प्रतिशत टैरिफ और 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ मिलाकर कुल 50 प्रतिशत शुल्क था, जिसे घटाकर अब सीधे 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे व्यापारियों और उद्योग जगत को बड़ा फायदा मिलेगा। राठौड़ ने रेल कनेक्टिविटी पर बोलते हुए कहा कि रेल मंत्री ने पाली से दिल्ली के लिए रात्रि ट्रेन का आश्वासन दिया है। सीधे कनेक्टिविटी या कनेक्टिंग ट्रेन मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रयास है कि भविष्य में पाली को सीधी ट्रेन सेवा भी मिले। सुमेरपुर जवाई बांध पुनरोद्धार परियोजना पर कांग्रेस को घेरते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि वसुंधरा राजे सरकार ने सुमेरपुर जवाई बांध पुनरोद्धार के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने पांच साल तक कुछ नहीं किया। जाते-जाते टनल चौड़ीकरण के नाम पर 100 करोड़ रुपये दिए पर वास्तविक काम नहीं हुआ।उन्होंने बताया कि वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुमेरपुर जवाई बांध पुनरोद्धार के लिए 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, परियोजना शुरू हो चुकी है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

राठौड़ ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट लेखा-जोखा होता है और यह केंद्र का उत्साहवर्धक बजट है। उन्होंने बताया कि 2013 में जहां 1 करोड़ 12 लाख लोग आयकर देते थे, वहीं अब यह संख्या 9 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे लाइनों का विस्तार, विद्युतीकरण और बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। राजस्थान सरकार के कार्यों पर बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि राज्य में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है, औद्योगीकरण को बढ़ावा मिल रहा है और आम नागरिक का जीवन स्तर मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान का आगामी बजट भी ऐतिहासिक और जनहितकारी होगा। राठौड़ ने खेजड़ी संरक्षण पर कहा कि भाजपा और सरकार दोनों खेजड़ी को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके संरक्षण की गारंटी सरकार ने दी है। राठौड़ ने संसद में विपक्ष के व्यवहार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष द्वारा किया गया आचरण लोकतंत्र के लिए घातक है। महिला सांसदों को आगे कर हंगामा कराना और माइक के सामने आकर चिल्लाना पूरी तरह असंसदीय कृत्य है, जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। किसानों के हितों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर निर्णय किसानों को ध्यान में रखकर ले रही है। हमारा उत्पाद बिकेगा तो देश को फायदा होगा। टैरिफ घटाने से नुकसान नहीं, बल्कि निर्यात बढ़ेगा और देश को लाभ होगा। आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का जनक है। उन्होंने बताया कि सिंधु जल समझौते को प्रधानमंत्री मोदी ने स्थगित कर दिया है और अब उस पानी के देश में उपयोग, स्टोरेज, वितरण तथा नहर-पाइपलाइन निर्माण की ठोस व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज़ादी के समय हुई इस गलती को अब सुधारा जा रहा है और देश के हित में जल संसाधनों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह समझने में असफल रही है कि प्रधानमंत्री मोदी कोई भी निर्णय ऐसा नहीं लेते जिससे देश के किसी नागरिक का अहित हो। मोदी जी राष्ट्र प्रथम की नीति पर काम करते हैं और राष्ट्रहित के अलावा कोई समझौता नहीं करते।

## बहु मंजिली इमारत गिरीः तीन लोगों की मौत और आठ घायल, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर मौके पर पहुंचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** कोटा शहर के जवाहर नगर थाना इलाके में इंदिरा विहार में शनिवार की रात बहुमंजी इमारत अचानक गिर गई जिसकी वजह से मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है तथा आठ लोगों का घायल अवस्था में अस्पताल में उपचार जारी है हालांकि हादसे की सूचना मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर तुरंत मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने खुद वहां पर खड़े होकर राहत कार्य की मॉनिटरिंग की पुलिस प्रशासन नगर निगम की टीमों की ओर से युद्ध स्तर पर मलबे को हटाने का काम शुरू किया गया लेकिन इसके बावजूद भी मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है तथा 8 लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है इस हादसे को लेकर शनिवार की रात ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तुरंत मौके पर मौजूद जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से बातचीत की और इस मामले में घायलों का समुचित रूप से उपचार करने की अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश भीदिए जानकारी के अनुसार जो इमारत गिरी है उसमें एक नॉनवेज रेस्टोरेंट संचालित होता है इस रेस्टोरेंट में मौत में शिकार हुए लोगों में एक नाबालिक लड़का भी है जिसकी शिकायत लक्ष्मण गुजराती केशवपुर के रूप में हुई है अन्य दो मृतकों की पहचान किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं जो इमारत गिरी है उसका निर्माण कार्य जारी था नई इमारत थी इसके बावजूद भी वह गिरी है तो कहीं ना कहीं निर्माण कार्यों में निम्न क्वालिटी की सामग्री का उपयोग भी किया जा सकता है और निर्माण कार्यों में कहीं ना कहीं गंभीर कमियां छोड़ी गई है जिसकी वजह से यह इमारत गिरी है इसलिए पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है इमारत का निर्माण कार्य नियम और कानून के मुताबिक हो रहा था या नहीं इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है निर्माण कार्य की स्वीकृति ली गई थी या नहीं इसका भी पता लगाया जा रहा है फिलहाल पुलिस और प्रशासन घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था में जुटा हुआ है तथा मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है जो इमारत के निर्माण कार्य में उपयोग में ली गई सामग्री का सैंपल इत्यादि एकत्रित कर रही है जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को इस हादसे की जानकारी मिली वह तुरंत मौके पर पहुंचे जहां पर लोगों का आरोप था कि सूचना मिलने के बाद भी काफी देर तक पुलिस और प्रशासन के लोग यहां नहीं आए हालांकि दिलावर ने गुस्साए लोगों को समझा बूझकर शांत किया और सबसे पहले मलवे को हटाने में स्थानीय लोगों को भी मदद करने का आग्रह किया ताकि मलवा जल्दी से जल्दी है सके और मलवे से नीचे दबे लोगों को जल्दी से जल्दी बाहर निकाला जा सके ।

## साइबर अपराध जागरूकता गोष्ठी आयोजितः बच्चों को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल, मण्डावा में साइबर सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना और भावी पीढ़ी को जागरूक करना था। यह कार्यक्रम थाना प्रभारी रामनारायण चोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते हुए साइबर थाना प्रभारी अब्दुल कलाम ने छात्रों और शिक्षकों को साइबर अपराधियों के नए तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने फिशिंग लिंक, ओटीपी ठगी, फर्जी बैंक कॉल, केवाईसी अपडेट और लॉटरी के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी जैसे विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एटीएम पासवर्ड, सीवीवी और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी भी स्थिति में साझा न करने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि किसी भी अनजान लिंक या संदिग्ध मैसेज पर क्लिक करने से बचना चाहिए। अब्दुल कलाम ने कहा कि 'साइबर अपराधी अक्सर डर या लालच का सहारा लेकर आपकी गोपनीय जानकारी चुराते हैं। डिजिटल सतर्कता ही इस खतरे से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है। थाना प्रभारी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। पीड़ित तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकता है या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। समय पर दी गई सूचना से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को साइबर हाइजीन और टू-स्टेप वेरिफिकेशन के महत्व के बारे में भी बताया गया। जागरूकता बढ़ाने के लिए टीम द्वारा पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और मजबूत पासवर्ड बनाने के टिप्स दिए गए थे। विद्यालय के डायरेक्टर हरलाल सिंह मोगा ने छात्रों को इंटरनेट का उपयोग समझदारी से करने की सलाह दी। वहीं, प्रबंधक सुभाष मोगा ने थाना की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होंगे।

## चांदपोल में धार्मिक स्थल पर हो रहे निर्माण को लेकर बालमुकुंद आचार्य और अमीन कागजी के बीच टकराव, पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के चांदपोल इलाके में दरगाह की छत पर किए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर शहर के दो विधायकों में आपस में टकराव की स्थिति पैदा हो गई दोनों ही विधायकों के समर्थक बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए जिसकी वजह से तनाव की स्थिति बन गई लेकिन पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत किया खबर लिखे जाने तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई थी लेकिन स्थिति नियंत्रण में थी पुलिस और प्रशासन इस पूरे मामले को गंभीरता से शांतिपूर्वक सुलझाने का प्रयास करते हुए दिखे जानकारी के अनुसार चांदपोल इलाके में दरगाह की छत पर निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा था जिसकी जानकारी मिलने के बाद हवा मेल विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बालमुकुंद आचार्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्माण कार्य अवैध है जैसे ही इसकी सूचना किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के विधायक अमीन कागजी को मिली वे तुरंत मौके पर पहुंचे और कहा कि यह निर्माण कार्य नियम और कायदों के अनुसार किया जा रहा है और कागजी निर्माण कार्य की स्वीकृति का लेटर लेकर मौके पर पहुंचे थे लेकिन दोनों ही पक्षों की ओर से मौके पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने के बाद इलाके में टेंशन का माहौल बन गया पुलिस ने स्थिति को देखते हुए जल्दी ही दोनों पक्षों के लोगों को समझा बूझकर शांत करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलवाया है इधर सूचना मिलने के बाद आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रफीक खान भी पहुंचे हैं बाद में रफीक खान और अमीन कागजी दोनों जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस में भी इस पूरे मामले की जानकारी देने के लिए पहुंचे कांग्रेस के दोनों विधायक अमीन कागजी और रफीक खान दोनों ने पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल से बातचीत की है और भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के व्यवहार के बारे में शिकायत की ओर कहा कि वहां जो निर्माण कार्य करवाया जा रहा है वह नगर निगम की स्वीकृति के आधार पर हो रहा है तो दूसरी तरफ बाल मुकुंद आचार्य ने भी मौके पर पहुंचे अधिकारियों को इस निर्माण कार्य के वैध नहीं होने के दस्तावेज बताए हैं और कहा है कि इस तरह का निर्माण ऐतिहासिक परकोटे के पास हो रहा है यह पूरी तरह से गलत है दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी बात को सत्य बता रहे हैं कांग्रेस विधायकों ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि यह मामला संवेदनशील है जयपुर में हिंदू और मुसलमान दोनों प्यार मोहब्बत से रहते हैं इसलिए इस तरह के मामले को लेकर इस तरह कि गलत स्थिति नहीं बननी चाहिए इसके लिए पुलिस और प्रशासन इस पूरे मामले को ध्यानपूर्वक हैंडल करें ताकि लोगों का गुस्सा शांत हो फिलहाल पुलिस और प्रशासन इस मामले को लेकर काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर दिख रहा है इसलिए पुलिस ने दरगाह के आसपास बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त कर दिया है और लोगों को शांतिपूर्वक तरीके से इस विवाद को सुलझाने की अपील भी की जा रही है ।

## अरावली के हत्यारे अब ओढ़ रहे पर्यावरण प्रेम का ढोंग, 2 साल वर्सेज 5 साल जैसे जुमलों को जनता मज़ाक़ समझती हैः जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार पर हमलावर रुख अपनाया है। जूली ने सीधे शब्दों में कहा कि जिन लोगों ने अरावली की छाती चीरकर उसकी हत्या की साजिशें रचीं, आज वे ही ढोंगियों की तरह पर्यावरण संरक्षण का उपदेश दे रहे हैं। जूली ने सरकार की कार्यशैली को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में काम हो न हो लेकिन सरकारी विज्ञापनों और ब्रांडिंग का नंगा नाच जोर-शोर से चल रहा है। अलवर में हुए 152 करोड़ के लोकार्पण को उन्होंने कागजी बताते हुए पूछा कि धरातल पर ईंट भी लगी है या सिर्फ श्रेय लूटने की राजनीति हो रही है? जूली ने कहा कि दो साल वर्सेज पांच साल के जुमले को जनता मज़ाक़ समझती है। जो सरकार बालिकाओं को 2 साल में एक स्कूटी तक नहीं दे पाई, सैनिटरी नैपकिन की योजना तक को बन्द कर दिया और ऐसी बातें करने का नैतिक साहस भी यहां से लाते हैं। मुख्यमंत्री अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की बात करते हैं, जबकि हकीकत यह है कि यह सरकार प्रथम पंक्ति के अपने चहेतों को फायदा पहुँचाने के अलावा कुछ नहीं कर रही। टीकाराम जूली ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है। उनके भाषणों में सिर्फ मोदी का गुणगान और भाइयों-बहनों का रटा-रटाया संबोधन होता है। जूली ने याद दिलाया कि जो आज किसान-मजदूर के हमदर्द बन रहे हैं, उन्हीं की सरकार ने तीन काले कानूनों के जरिए किसानों की कमर तोड़ने की साजिश रची थी। जूली ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही विकसित होते राजस्थान को दोबारा बीमारू प्रदेश की श्रेणी में ढकेल दिया है । ईआरसीपी के मुद्दे पर जूली ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री , ईआरसीपी के नाम पर जो साफा बंधवाकर वाहवाही लूटी थी, उसका क्या हुआ? वह योजना आज किस ठंडे बस्ते में है? उन्होंने जेजेएम के दावों को सफेद झूठ करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं, जबकि जनता एक-एक बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रशासनिक विफलता पर प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज राजस्थान में अफसरशाही पूरी तरह बेलगाम है। मंत्रियों और अधिकारियों के बीच कोई तालमेल नहीं है। मुख्यमंत्री केवल भाषणबाजी में व्यस्त हैं, जबकि जनता की सुनवाई करने वाला शासन में कोई नहीं है।

## अमिताभ ने गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में नवीनीकृत टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेल कार्यों में आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने, टीम भावना विकसित करने तथा दैनिक कार्यों में तनाव को कम करने के उद्देश्य से रविवार को गणपति नगर क्रिकेट ग्राउंड जयपुर में महाप्रबंधक इलेवन एवं मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर इलेवन के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रिकेट मैच मुकाबले



में महाप्रबंधक इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दीपक वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने उपस्थित अधिकारियों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी समन्वय मजबूत होता है और सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे मिल-जुलकर कार्य करते हुए रेलवे के कार्य निष्पादन को और अधिक बेहतर बनाएं। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में नवीनीकृत टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इस टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट की सुविधा से खिलाड़ियों के साथ साथ रेल कर्मियों, परिवारजनों तथा बच्चों को भी उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी। साथ ही यह सुविधा रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी विशेष लाभदायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्याएं, उत्तर पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, मुख्यालय एवं जयपुर मंडल के अधिकारी तथा खेल संगठन से जुड़े रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## मोबाइल मौत बन जाए उससे पहले बच्चों को बचा लो



अरविंद रावल
गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)

मोबाइल फोन आज जीवन का आवश्यक उपकरण बन चुका है, लेकिन इसका अनियंत्रित उपयोग धीरे-धीरे समाज के लिए गंभीर संकट का रूप लेता जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में बढ़ती मोबाइल-लत चिंताजनक है। घंटों तक स्क्रीन पर डूबे रहने की आदत न केवल उनकी पढ़ाई को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है । आज महानगरों से लेकर छोटे कस्बों और गांवों तक लगभग हर बच्चे के हाथ में स्मार्टफोन दिखाई देता है। माता-पिता स्वयं बच्चों को महंगे मोबाइल उपलब्ध कराते हैं, परंतु उसके उपयोग की निगरानी शायद ही कर पाते हैं। परिणामस्वरूप अनेक बच्चे पढ़ाई से दूर होकर गेम, रील, हिंसक और अश्लील सामग्री में उलझते जा रहे हैं। यह स्थिति उनके स्वभाव, व्यवहार और सोच को भी प्रभावित कर रही है, जिससे चिड़चिड़ापन, आक्रामकता और एकाकीपन तेजी से बढ़ रहा है।

मोबाइल के अत्यधिक उपयोग ने बच्चों और युवाओं की दिनचर्या तक बदल दी है। देर रात तक जागना, नींद पूरी न होना और परिवार के साथ संवाद कम होना अब सामान्य बात होती जा रही है। नींद की कमी और मानसिक तनाव के कारण कई बच्चे अवसाद और असंतुलित व्यवहार का शिकार हो रहे हैं। परिवारों में धैर्य और संवाद की कमी भी इसी कारण बढ़ती दिखाई दे रही है । सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि कई मामलों में मोबाइल को लेकर छोटे-छोटे विवाद भी खतरनाक घटनाओं का रूप ले लेते हैं। यह संकेत है कि डिजिटल उपकरणों का अनियंत्रित उपयोग बच्चों के भावनात्मक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि माता-पिता केवल मोबाइल उपलब्ध कराने तक सीमित न रहें, बल्कि उसके उपयोग के स्पष्ट नियम भी तय करें। बच्चों को मोबाइल लत से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका है परिवार का समय, संवाद और अनुशासन। माता-पिता बच्चों के मित्र बने, उनके साथ समय बिताएं, उनकी दिनचर्या पर ध्यान दें और स्क्रीन-टाइम की सीमाएं निर्धारित करें। यदि घर का वातावरण संवाद पूर्ण और संतुलित होगा तो बच्चे स्वाभाविक रूप से मोबाइल की आभासी दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन की गतिविधियों में रुचि लेंगे । बच्चे परिवार की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्हें सुविधा देना आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है सही दिशा देना। यदि समय रहते मोबाइल-उपयोग पर नियंत्रण और जागरूकता नहीं लाई गई, तो आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए आज हर माता-पिता और समाज को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि तकनीक का उपयोग सुविधा के लिए हो, विनाश का कारण बनने से पहले ही उसे संतुलित किया जाए।

## चुनौती का सामना करें भारतीय उद्योग

*इसके अलावा हाल के समय में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं। कुछ अन्य देशों से भी भारत की व्यापार समझौते संबंधी वार्ताएं अंतिम चरण में हैं। इन देशों में कनाडा भी है, जिसके इन दिनों अमेरिका से रिश्ते खराब चल रहे हैं। यूरोप को व्यापार के मामले में भारत का साथ लेना इसलिए आवश्यक महसूस हो रहा था, क्योंकि यहां के देश कई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वैसे तो यूरोपीय देश संपन्न हैं, लेकिन उनके यहां छोटी-मोटी चीजों का उत्पादन बंद सा हो गया है और वे हाईटेक उत्पादों और सेवाओं पर ही अधिक केंद्रित हैं। यूरोपीय देश अप्रवासियों के आगमन के चलते सामाजिक उथल-पुथल का भी सामना कर रहे हैं। वहां के कई देशों में अप्रवासियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। यूरोप भले ही दो दर्जन से अधिक देशों की एक इकाई हो, पर वहां के कुछ देश अत्यधिक विकसित हैं तो कुछ विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे विकासशील देश भारत से व्यापार को अपने लिए और लाभप्रद मान रहे हैं। जिस तरह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते ने सुर्खियां बटोरीं, उसी तरह भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते को लेकर भी दुनिया भर में चर्चा हो रही है। समझौते पर दोनों देशों के साझा बयान ने चर्चा को और तेज कर दिया है। भारत अमेरिका के साथ यथाशीघ्र व्यापार समझौते के लिए*



इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की दिल्ली में उपस्थिति केवल भारत और यूरोप के बीच के मधुर होते संबंधों को ही नहीं बयान कर रही थी, बल्कि इन संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल को भी रेखांकित कर रही थी। अंततः गणतंत्र दिवस के अगले दिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच वह व्यापार समझौता हो गया, जिसकी व्यापक चर्चा हो रही थी और जिसे सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा जा रहा था।

इस समझौते ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। प्रारंभ में अमेरिका की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक नहीं थी, लेकिन जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत करने जा रहा है।

उनकी इस घोषणा का भारतीय प्रधानमंत्री ने भी स्वागत किया। चूंकि गत दिवस इस समझौते की रूपरेखा सामने आ गई, इसलिए माना जा रहा है कि अगले माह इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय यूनियन की तरह अमेरिका से होने वाला व्यापार समझौता इसलिए विशेष है, क्योंकि इसे लेकर असमंजस था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो पाएगा या नहीं?

भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौता इसलिए हो सका, क्योंकि एक ओर जहां भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से चिंतित था, वहीं दूसरी ओर यूरोप के देश भी। इस समझौते का एक कारण यह भी रहा कि पिछले कुछ समय में भारत ने यूरोप के प्रमुख देशों फ्रांस और जर्मनी के साथ अपने रिश्ते प्रगाढ़ किए हैं।

इसके अलावा हाल के समय में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं। कुछ अन्य देशों से भी भारत की व्यापार समझौते संबंधी वार्ताएं अंतिम चरण में हैं। इन देशों में कनाडा भी है, जिसके इन दिनों अमेरिका से रिश्ते खराब चल रहे हैं। यूरोप को व्यापार के मामले में भारत का साथ लेना इसलिए आवश्यक महसूस हो रहा था, क्योंकि यहां के देश कई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

वैसे तो यूरोपीय देश संपन्न हैं, लेकिन उनके यहां छोटी-मोटी चीजों का उत्पादन बंद सा हो गया है और वे हाईटेक उत्पादों और सेवाओं पर ही अधिक केंद्रित हैं। यूरोपीय देश अप्रवासियों के आगमन के चलते सामाजिक उथल-पुथल का भी सामना कर रहे हैं। वहां के कई देशों में अप्रवासियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। यूरोप भले ही दो दर्जन से अधिक देशों की एक इकाई हो, पर वहां के कुछ देश अत्यधिक विकसित हैं तो कुछ विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे विकासशील देश भारत से व्यापार को अपने लिए और लाभप्रद मान रहे हैं।

जिस तरह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते ने सुर्खियां बटोरीं, उसी तरह भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते को लेकर भी दुनिया भर में चर्चा हो रही है। समझौते पर दोनों देशों के साझा बयान ने चर्चा को और तेज कर दिया है। भारत अमेरिका के साथ यथाशीघ्र व्यापार समझौते के लिए इसलिए प्रयत्नशील था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारतीय निर्यातक मुश्किल में थे। यह व्यापार समझौता ट्रंप के रवैये के कारण ही अटका हुआ था। वे इससे खफा थे कि भारत उनके न चाहने के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय में भारत ने रूस से तेल खरीद में कटौती की थी, लेकिन ट्रंप किसी तरह की नरमी नहीं दिखा रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने जब वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया और वहां अपनी कठपुतली सरकार स्थापित कर दी तो स्थितियां तेजी से बदलीं। वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद ट्रंप ने यह घोषणा की कि अब उसके तेल की बिक्री उनके हिसाब से होगी। इस घोषणा के कुछ दिनों बाद भारतीय प्रधानमंत्री और वेनेजुएला की राष्ट्रपति के बीच वार्ता भी हुई। इसी वार्ता के चंद दिन बाद ट्रंप ने भारत से व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने के साथ यह भी घोषणा की कि अब भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल खरीद बंद करेगा। चूंकि भारत पहले भी वेनेजुएला से तेल खरीदता था, इसलिए यदि वह फिर से उससे तेल खरीद शुरू कर देता है तो इसमें कोई नई-अनोखी बात नहीं, लेकिन देखना यह है कि क्या वह रूस से पूरी तौर पर तेल खरीदना बंद करेगा? यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ होने वाले इसी तरह के समझौते के बाद भारत सरकार के साथ भारतीय कारोबारियों को इस पर विशेष ध्यान देना होगा कि इन समझौतों का अधिक से अधिक लाभ कैसे उठाया जाए। चूंकि यूरोप के देशों ने हर मामले में अपने मानक ऊंचे कर रखे हैं, इसलिए भारतीय कारोबारियों को इस पर गौर करना होगा कि उनके उत्पाद और उनकी सेवाएं वहां के मानकों पर खरी उतर सकें। वे इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि चाहे खाद्य पदार्थ हों या कपड़े अथवा अन्य उत्पाद, उनकी मांग यूरोप-अमेरिका में तभी बढ़ेगी, जब उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होगी। स्पष्ट है कि विकसित देशों में अपना उत्पाद बेचने के इच्छुक भारतीय उद्योगों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। माना जा रहा है कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल के बाद भारत से बड़ी मात्रा में गारमेंट्स, एनिमल हसबेंडरी, फिशरीज, मीट आदि का निर्यात बढ़ सकता है।

## सम्पादकीय

## डिजिटल एडिक्शन का खतरनाक खेल



देश में ऑनलाइन खेल मनोरंजन का साधन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सीमित समय तय करना और आत्मनियंत्रण बेहद जरूरी है। अगर किसी बच्चे या किशोर को इसकी लत लग जाए, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। आज की आभासी दुनिया में ऐसे खेल भी आ गए हैं, जिनमें उपयोगकर्ताओं को जोखिम भरे कार्य दिए जाते हैं। बच्चे इन खेलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जिससे वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक विसंगतियों का शिकार हो जाते हैं, बल्कि कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां तीन नाबालिग बहनें मंगलवार देर रात इमारत की नौवीं मंजिल से कूद गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला कि ये तीनों बहनें एक ऐसे आनलाइन खेल की आदी थीं, जिसमें खेल के दौरान कुछ इस तरह के कार्य दिए जाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं होते। इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन तकनीक के इस साधन में कई तरह के खतरे भी छिपे हुए हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से न केवल बच्चों और किशोरों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि उनके व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गाजियाबाद में इमारत से कूदकर जान देने वाली लड़कियों के परिवारवाले भी इस बात से चिंतित थे और उनके आनलाइन गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कहा जा रहा है कि परिवार वालों ने इन तीनों बहनों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे बेहद निराश थीं। सवाल है कि ऐसे आनलाइन खेलों की अनुमति कैसे दे दी जाती है, जो किसी बच्चे के जीवन को खतरे में डाल दे या फिर उसकी मौत का कारण बन जाए? जाहिर है, इसके पीछे कानून में स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव हो सकता है। मगर अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह के जोखिम को हल्के में न लें और बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के दौरान उन पर नियमित नजर रखें।

## जीएम तकनीक पर संशय

*कर्नाटक को अपने किसानों की परंपरागत खेती की चिंता थी। ओड़िशा का मानना था कि जीएम खेती छोटे किसानों के हित में नहीं होगी। और इसके साथ ही जीएम प्रौद्योगिकी से जुड़े सामाजिक-आर्थिक पक्षों पर व्यापक विचार-विमर्श करने की बात ने तूल पकड़ा। यह महसूस किया गया कि किन्हीं भी प्रकार की जीएम फसलों को मंजूरी देने से पहले इन फसलों के, उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित होने, किसानों के लिए दीर्घकाल तक लाभप्रद होने और पर्यावरण के अनुकूल होने पर, किसी स्वतंत्र वैज्ञानिक संस्था द्वारा व्यापक शोध और अध्ययन किए जाने की जरूरत है। तब यह शोधकार्य स्वायत्त संस्था 'विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआइएस-रिसर्च ऐंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कन्ट्रीज)' ने अपने हाथों में लिया। भारत की अकेली जीएम 'फसल' बीटी कॉटन की खेती वर्ष 2002*

संयुक्त राष्ट्र ने पूर्वानुमान लगायाहै कि वर्ष 2050 तक दुनिया की आबादी का पेट भरने के लिए आज से सत्तर फीसद ज्यादा खाद्य की जरूरत होगी। लिहाजा पैदावार बढ़ाने के लिए खेती में नए प्रयोगों को तरजीह देनी ही होगी। पर दुनिया के हर देश में जीएम प्रौद्योगिकी को लेकर संशय है। कृषि में जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) फसलों की स्वीकृति-अस्वीकृति पर बहस फरवरी 2010 में सामने आई, जब जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रूवल कमेटी (जीइएसी) की अनुशंसा के बावजूद तत्कालीन पर्यावरण राज्यमंत्री जयराम रमेश ने बीटी बैंगन की जीएम खेती को मंजूरी देने से मना कर दिया। दरअसल, जीइएसी ने 14 अक्तूबर, 2009 को बीटी बैंगन को पूरी तरह सुरक्षित घोषित करके इसकी व्यावसायिक खेती को स्वीकृति दे दी थी। लेकिन लोगों और सामाजिक संस्थाओं के भारी विरोध के कारण इसे जयराम रमेश और उनके बाद जयंती नटराजन ने भी स्वीकृति देने से मना कर दिया। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने भी अनेक आधारों पर अपने यहां आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलों की खेती को मंजूरी देने से मना कर दिया। मसलन, आंध्र प्रदेश जीइएसी द्वारा किए गए परीक्षणों और जानकारी से संतुष्ट नहीं था। केरल अपने यहां किसी भी प्रकार की जीएम खेती के लिए राजी नहीं था। कर्नाटक को अपने किसानों की परंपरागत खेती की चिंता थी। ओड़िशा का मानना था कि जीएम खेती छोटे किसानों के हित में नहीं होगी। और इसके साथ ही जीएम प्रौद्योगिकी से जुड़े सामाजिक-आर्थिक पक्षों पर व्यापक विचार-विमर्श करने की बात ने तूल पकड़ा। यह महसूस किया गया कि किन्हीं भी प्रकार की जीएम फसलों को मंजूरी देने से पहले इन फसलों के, उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित होने, किसानों के लिए दीर्घकाल तक लाभप्रद होने और पर्यावरण के अनुकूल होने पर, किसी स्वतंत्र वैज्ञानिक संस्था द्वारा व्यापक शोध और अध्ययन किए जाने की जरूरत है। तब



यह शोधकार्य स्वायत्त संस्था 'विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआइएस- रिसर्च ऐंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कन्ट्रीज)' ने अपने हाथों में लिया।

भारत की अकेली जीएम 'फसल' बीटी कॉटन की खेती वर्ष 2002 में, अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी मोनसैंटो और महाराष्ट्र हाइब्रिड सीड कं. की साझेदारी से शुरू हुई थी। एक दशक तक तो बीटी कपास की खूब अच्छी पैदावार हुई, क्योंकि जीएम फसलों की खासियत यह होती है कि अधिक उर्वर होने के साथ ही, इनमें अधिक कीटनाशकों की जरूरत नहीं होती और ये सूखा-रोधी और बाढ़-रोधी भी होती हैं। लेकिन कुछ सालों के बाद स्थिति वही नहीं रही और बीटी कपास की फसलों में कृमि आने शुरू हो गए। महंगे बीजों, कीटनाशकों और बर्बाद हुई खेती के चलते हजारों बीटी कपास किसानों ने आत्महत्या की। बहरहाल, 2014 में जर्मनी की गोटिंजेन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पूरे विश्व में किए गए अपने कृषि सर्वेक्षणों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि जीएम प्रौद्योगिकी से फसलों की पैदावार में बाईस फीसद की बढ़त होती है, सैंतीस फीसद कम कीटनाशक डालने पड़ते हैं और किसानों की आय अड़सठ फीसद बढ़ जाती है और यह प्रौद्योगिकी विकसित देशों के मुकाबले विकासशील देशों के लिए अधिक लाभकारी है। उधर संयुक्त राष्ट्र ने पूर्वानुमान लगाया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया की आबादी का पेट भरने के लिए आज से सत्तर फीसद ज्यादा खाद्य की जरूरत होगी। इसलिए पैदावार बढ़ाने के लिए खेती में नए प्रयोगों को तरजीह देनी ही होगी। वैज्ञानिक जीएम खेती की तरफदारी करते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रो जी पद्मनाभन और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग ऐंड बायोटेक्नोलॉजी के प्रो राज भटनागर ने भी बीटी बैंगन की खेती को पूरी तरह सुरक्षित कहा था

## समझौते की रूपरेखा

आखिरकार अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने की घोषणा हो गई। इसी के साथ अनिश्चितता के तमाम बादल छंट गए और यह स्पष्ट हो गया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू हो जाएगा। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का 25 से 18 प्रतिशत तय हो जाना और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत टैरिफ का हट जाना राहत की एक बड़ी खबर है। राहत की बात यह भी है कि दोनों देश समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देने को तत्पर हैं। समझौते की रूपरेखा के अनुसार भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए ज्वार, मेवे, प्रसंस्कृत फल,



सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट और अन्य उत्पादों सहित कई प्रकार के खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। इसी तरह अंतरिम समझौते के बाद भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली जेनेरिक दवाइयों, रत्न, हीरे, विमान के कल-पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि पहले यह माना जा रहा था कि भारत से निर्यात होने वाली सभी सामग्री पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे यह भी रेखांकित होता है कि समझौता बराबरी के स्तर पर होने जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ में कमी से भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद और कुछ मशीनरी के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। व्यापार समझौते की रूपरेखा यह भी बता रही है कि भारत कृषि और डेरी सेक्टर को संरक्षित करने में सक्षम रहा और वे आशंकाएं सही नहीं थीं कि हमें अमेरिकी दबाव के सामने अपने हितों की अनदेखी करनी पड़ सकती है। इसकी पुष्टि संयुक्त बयान के इस अंश से होती है कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए अमेरिका भारत के अनुरोध पर विचार करेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देश बाजार पहुंच के अवसरों को और बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। वास्तव में इससे ही दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डालर के व्यापार के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। व्यापार समझौते पर सहमति की जो रूपरेखा सामने आई, वह यह भरोसा दिलाने वाली है कि भारत की निर्यात क्षमता बढ़ेगी और मेक इन इंडिया अभियान को बल मिलेगा।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में वन्यजीवों के दीदार के लिए उमड़ा सैलानियों का सैलाब

## वर्ष 2026 में महज 39 दिनों में 57 हजार से अधिक पर्यटकों का आगमन

## रविवार को 3,177 सैलानियों ने किया नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2026 के अब तक के मात्र 39 दिनों में 57 हजार से अधिक पर्यटक उद्यान में वन्यजीवों के दीदार कर चुके हैं। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार को बदलते मौसम का सुहावना मिजाज और अवकाश के दिन का उत्साह बड़ी संख्या में पर्यटकों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान की ओर खींच लाया। इस दौरान कुल 3,177 सैलानियों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों को नजदीक से देखने का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। कुल 284 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव लिया। बाघों की गर्जना और शेरों की शाही चाल ने सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित टाइगर सफारी और लायन सफारी इन दिनों न केवल जयपुरवासियों बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण बनी हुई हैं। शहर के समीप प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों का यह संगम पर्यटकों को पारिवारिक सैर के साथ रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ व रेंजर शुभम शर्मा की ओर से रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम की ओर से सफारी संचालन व भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पर्यटकों को टिकटिंग, वाहन सुविधा, मार्गदर्शन एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। वन विभाग की सतत निगरानी व सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राज्य के प्रमुख और लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शुमार हो गया है। यह उद्यान न केवल पर्यावरण संरक्षण का सशक्त उदाहरण है, बल्कि पर्यटकों के लिए शिक्षाप्रद व मनोरंजक अनुभव का केंद्र भी बनता जा रहा है। इस अवसर पर राजाराम मीणा, विजेंद्र चौधरी, दलीप सिंह शेखावत, सोनू मीणा, कैलाश चंद्र, सरिता चौधरी, गोकुल मीणा, बसंती गुर्जर, विमला मीणा, हंसा कुमारी, बनवारी लाल शर्मा, ओम प्रकाश, सुरेश चंद मीणा, भंवर सिंह आमला सहित अन्य कार्मिकों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## अष्टम विशाल पदयात्रा में गूंजे श्याम नाम के जयकारे



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति, नावां सिटी के तत्वावधान में अष्टम विशाल पदयात्रा रिंगस से खाटू धाम तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित की गई। समिति अध्यक्ष राजेश गोयल ने बताया कि नावां से सैकड़ों श्याम प्रेमी लगभग छह बसों व अन्य वाहनों से प्रातः रिंगस के लिए रवाना हुए। रीगस पहुंचने पर श्री श्याम परिवार के कीर्तन प्रभारी कैलाश गौड़ ने बाबा श्याम का विशेष रथ में आकर्षक व नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद बाबा की आरती व निशान पूजन कर पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। भक्तों के हाथों में सजे निशान और गूंजते श्याम नाम के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। यात्रा के दौरान समिति की ओर से भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालु पूरे रास्ते भजन गाते, झूमते और भक्ति रस में डूबे हुए सांयकाल खाटू धाम पहुंचे। इस दौरान संस्था से गौतम खंडेलवाल, तुषार गौड़, विजय सेन और राधेश्याम स्वामी सहित अनेक भजन प्रवाहक उपस्थित रहे। खाटू धाम पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा में श्री श्याम परिवार नावां के साथ नगर के सैकड़ों श्याम प्रेमी, जिनमें मुकेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह, चेनाराम मारवाल, मयंक अग्रवाल, श्यामसुंदर माटोलिया सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। पूरी यात्रा श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई।

## कादेड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड के कादेड़ा कस्बे में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन यहां सीताराम जी मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह खंड कार्यवाह चाकसू अभिलेख ने विराट हिंदू सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा की समाज को तोड़ने वाली गतिविधियों की विवेचना करते हुए वर्तमान समय में आवश्यक पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण ,स्वकाबोध आदि के बारे में बताया कार्यवाह सुरेश सैनी ने बताया कि ऐसे ही चाकसू में 15 मंडलों पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम में सामाजिक समरसता प्रमुख गोपाल सिंह, स्थानीय व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मदन सामोता, रामबाबू स्वामी, गोविंदनारायण स्वामी, अशोक खंडेलवाल, अमित टांक, राजू राणा,मुकेश जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ, रंगोली सजाई

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** भोजलावा रोड स्थित गाड़िया लोहार बस्ती में सेवा भारती समिति की ओर से पार्षद मातादीन अग्रवाल की अध्यक्षता में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्धाटन समारोह आयोजित किया गया। जिला मंत्री धर्मेन्द्र शर्मा 'पुरुषोत्तम' ने बताया कि सेवा भारती संपूर्ण भारतवर्ष में वंचितों, उपेक्षितों व शोषितों के बीच सामाजिक समरसता के लिए काम करने वाली अखिल भारतीय संस्था है। बस्ती की युवतियों से नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण में पूर्ण मनोयोग से सिलाई सीख कर आत्मनिर्भर बनने का आग्रह किया गया।बीमुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह पर्यावरण प्रमुख राम प्रकाश विजय ने सेवा भारती व संघ की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन व सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले प्रकल्पों के बारे में अवगत करवाया। बस्ती के अभिभावकों से संस्कार युक्त आचरण की अपील की गई। जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कूलवाल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन बनवारी लाल गरेड ने किया। महेंद्र लोहार ने बस्ती में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र व संस्कार केंद्र खोलने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बस्ती वासियों ने खुशी व उत्साह से प्रकल्पों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष विनोद दुसाद, रामगोपाल कुमावत, राजेंद्र खांडल, लालचंद कुमावत, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अशोक सोनी, लक्ष्मी जोशी, महेंद्र लोहार, मुकेश योगी, लक्ष्मी लोहार, मानसी योगी सहित बस्ती के नागरिक व मातृशक्ति उपस्थित रहे। शिक्षिका मुकेश योगी की ओर से कल्याण मंत्र के बाद मिठाई वितरण के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## यूजीसी बिल के समर्थन में हुंकार, फुलेरा में रैली को लेकर बनी रणनीति

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निस)।** यूजीसी बिल के समर्थन में व्यापक जनसमर्थन जुटाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी को लेकर रविवार सुबह 11 बजे सांभर बायपास रोड स्थित अंबेडकर भवन में दयानंद चौधरी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में देशभर में चल रही चर्चा और सुप्रीम कोर्ट की ओर से बिल पर लगाई गई रोक के बीच इसे यथावत लागू करवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने को लेकर वक्ताओं ने जोरदार तरीके से अपने विचार रखे और एकजुटता का संदेश दिया। बैठक में ओबीसी, एससी, एसटी, दिव्यांग, नारी शक्ति, अल्पसंख्यक सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों को साथ लेकर बड़ी रैली आयोजित करने, जनजागरण अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से मंथन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर समाज की आवाज बुलंद करना समय की जरूरत है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 फरवरी को दोपहर 12:15 बजे पुन: अंबेडकर भवन में बैठक आयोजित कर रैली की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी।

### रामजीदास मोदानी फाउंडेशन की सार्थक पहल

## शिविर में सवाईकल कैंसर वैक्सीन लगाई, बढ़ाई जागरूकता

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निस)।** रामजीदास मोदानी फाउंडेशन-जयपुर व भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बीएमसीएचआरसी परिसर, जेएलएन रोड़, जयपुर में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 250 बालिकाओं/युवतियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई, जिससे उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित किया जा सकेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर टीकाकरण के माध्यम से इस गंभीर रोग की रोकथाम करना है। कार्यक्रम में सत्यनारायण मोदानी, लक्ष्मी नारायण मोदानी, पुष्प कान्ता मोदानी, रमेश माहेश्वरी, राजेन्द्र तिवाड़ी, डॉ. महेश माहेश्वरी, कमल सोमानी, संजना फलोड़, करुणा शर्मा (मार्केटिंग हेड), दीप्ती महनोट (ट्रस्टी) आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायक बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य सेवा व जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## महिमा शेखावत ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, राजस्थान नेटबॉल टीम को दिलाया सिल्वर मेडल

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** उपखण्ड क्षेत्र के बिलवाड़ी गांव की होनहार बेटी महिमा शेखावत ने खेल जगत में शानदार उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महिमा का चयन राजस्थान नेटबॉल टीम में हुआ, जहां उन्होंने 28 जनवरी से 31 जनवरी तक नांदेड़ (महाराष्ट्र) में आयोजित राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान टीम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।महिमा की इस उपलब्धि से पूरे बिलवाड़ी गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई। ग्रामवासियों की ओर से बिलवाड़ी बस स्टैंड से डीजे की धुनों के साथ भव्य जुलूस निकालकर महिमा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रोहिताश सिंधु, दिनेश सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, संजू सैन, लक्ष्मण सिंह शेखावत, प्रदीप सिंह शेखावत, दातासिंह ,भगवान सिंह, सुभाग, सुदामा प्रजापत, भरत सिंह, श्यामलाल सरपंच,गोविंद सिंह भंवर सिंह, सचिन वर्मा, प्रमोद शर्मा ,गौरव शर्मा, रोहिताश कुम्हार, मोहनती वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने महिमा की सफलता को गांव व क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं महिमा शेखावत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र की अन्य युवतियों व युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर साबित करने का प्रयास करेंगे।महिमा शेखावत की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बिलवाड़ी गांव और विराटनगर उपखण्ड के लिए गर्व का विषय है।

## प्रशासन की लापरवाही से चारागाह बना आग का मैदान

### 50 बीघा वनस्पति जलकर खाक, दमकल व्यवस्था फेल



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के दोल्यापुर स्थित चारागाह भूमि में रविवार दोपहर लगी आग ने प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। इस आगजनी की घटना में करीब 50 बीघा घास-फूस व प्राकृतिक वनस्पति जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, लेकिन समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जा सका।तहसीलदार लालाराम यादव ने बताया कि आग लगने की सूचना रविवार करीब दोपहर करीब 3:30 बजे मिली थी। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके के लिए रवाना हुईं, लेकिन रेतीले क्षेत्र का पूर्व आकलन न होने के कारण दो दमकल वाहन रास्ते में ही रेत में फंस गए, जिससे आग बुझाने में भारी देरी हुई। इससे आग और विकराल रूप लेती चली गई।प्रशासनिक लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चारागाह जैसे संवेदनशील क्षेत्र में कोई वैकल्पिक व्यवस्था या पूर्व तैयारी नहीं थी। मौके पर सिर्फ एक दमकल वाहन ही पहुंच सका, जो आग बुझाने के प्रयास में जुटा रहा।पटवारी नरेश यादव ने बताया कि इस घटनाक्रम में लगभग 50 बीघा वनस्पति पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी है और खबर लिखे जाने तक भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यदि प्रशासन समय पर प्रभावी कदम उठाता और दमकल व्यवस्था दुरुस्त होती, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। अब सवाल यह उठता है कि चारागाह जैसी सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रशासन कितना गंभीर है और इस भारी नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा।

## सोलर प्लांट की आड़ में 100 से अधिक खेजड़ी के पेड़ों की कटाई, ओसियां के डांवरा गांव में आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**जोधपुर(निस)** जिले के ओसियां उपखंड के डांवरा गांव में नव निर्माणाधीन सोलर प्लांट की आड़ में 100 से अधिक खेजड़ी के पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आने से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही विश्नोई समाज सहित कई समाजों के लोग मौके पर पहुंचे और खेजड़ी कटाई वाले खेत में विरोध जताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए खेडापा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि खेजड़ी केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि मरुस्थलीय क्षेत्र की जीवनरेखा है। खेजड़ी पर्यावरण संतुलन, पशुपालन और स्थानीय आजीविका से गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में सोलर प्लांट निर्माण के नाम पर बड़े पैमाने पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई करना कानून और पर्यावरण—दोनों के खिलाफ है। इस पूरे मामले पर पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने खेजड़ी कटाई से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसे 'अन्यायपूर्ण और बेहद खतरनाक' बताया। दिव्या मदेरणा ने कहा कि '100 से अधिक खेजड़ी के पेड़ों की अवैध कटाई अत्यंत निंदनीय है। यह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि मरुधरा की जीवनरेखा पर सीधा हमला है। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर योजनाएं लाई जाती हैं, लेकिन यहां विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश किया जा रहा है।' ग्रामीणों और समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त अनुमति और नियमों की अनदेखी कर खेजड़ी के पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जाए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है, वहीं पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने खेजड़ी कटाई को लेकर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की पहल

## 14-15 फरवरी को जयपुर में होगा महिला कांग्रेस का 'नेतृत्व-सृजन' प्रशिक्षण शिविर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने और संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के नेतृत्व में 14 व 15 फरवरी को जयपुर स्थित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में दो दिवसीय 'नेतृत्व-सृजन' विषयक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को पीसीसी जयपुर में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सारिका सिंह की अध्यक्षता में एक अहम तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत रूपरेखा, सत्रों की विषयवस्तु, व्यवस्थाओं तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा भी मौजूद रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने कहा कि नेतृत्व-सृजन प्रशिक्षण शिविर महिला कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने, संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने और उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने का एक सशक्त मंच साबित होगा। यह शिविर महिलाओं को निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। वहीं महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर जमीनी स्तर पर काम कर रही महिलाओं को राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए आत्मविश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करेगा। इससे संगठन और अधिक मजबूत व सक्रिय बनेगा। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री व एआईसीसी सचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हो सकते हैं। महिला कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर राजस्थान में महिला नेतृत्व को मजबूत करने, संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने और महिलाओं की सक्रिय राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जयपुर में राज्य स्तरीय वन मेला आज से, पर्यावरण संरक्षण व वन उत्पादों को मिलेगा मंच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन विभाग, राजस्थान की ओर से 9 व 10 फरवरी को सचिवालय नर्सरी, जयपुर में राज्य स्तरीय वन मेला-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय वन मेले का उद्घाटन 9 फरवरी को प्रातः 11 बजे वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा की ओर से किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। वन मेले में वन एवं वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, औषधीय पौधों तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग जैसे विषयों पर आमजन को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मेला विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्रकृति प्रेमियों व आम नागरिकों के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों– उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, चूरू, करौली, अलवर, टोंक, दौसा, सवाई माधोपुर, जयपुर, कोटा, बारां, प्रतापगढ़, राजसमंद, बीकानेर सहित अनेक वन मंडलों की भागीदारी रहेगी। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों, राजीविका से जुड़े एसएचजी, गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य संस्थाओं की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। मध्य प्रदेश, नोएडा, मुंबई सहित अन्य राज्यों व संस्थाओं की सहभागिता भी इस मेले को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगी। मेले में लगाए जाने वाले स्टॉल्स पर राजस्थान व अन्य क्षेत्रों के विविध वन उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इनमें शहद व जामुन आधारित उत्पाद, लाख, गोंद व जड़ी-बूटी उत्पाद, औषधीय व सुगंधित पौधे, एलोवेरा से बने हर्बल उत्पाद, बांस व बांस से निर्मित वस्तुएं, लकड़ी हस्तशिल्प व कावड़ कला, मिलेट आधारित खाद्य पदार्थ, मसाले, अचार, अमला कैंडी, नीम उत्पाद, गौ-काष्ठ, जैव उर्वरक, मंडाना जनजातीय कला, बीज व पौध सामग्री, थार क्षेत्र के विशेष उत्पाद जैसे कैर व सांगरी तथा पंच गौरव उत्पाद शामिल रहेंगे। शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान भी मेले का हिस्सा बनेंगे। IIT जोधपुर तथा Bombay Natural History Society जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा जानकारीपूर्ण स्टॉल्स लगाए जाएंगे।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने किया संकल्प सिद्धि सद्बुद्धि यज्ञ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश व्यापी आह्वान पर सोमवार को पंचायत समिति स्थित मंदिर पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अगुवाई में महासंघ से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने संकल्प सिद्धि'सद्बुद्धि यज्ञ' का आयोजन किया। इस यज्ञ के माध्यम से कर्मचारियों ने राज्य सरकार को उनके सात संकल्प मांग पत्र की याद दिलाते हुए 11 फरवरी को बजट में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई। पंडित तेज प्रकाश शास्त्री ने पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने महासंघ के सातों संकल्पों का सामूहिक उच्चारण करते हुए आहुति दी गई। महासंघ के जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि कर्मचारी महासंघ पिछले एक वर्ष से लगातार चेतना संघर्ष



यात्रा, महा अधिवेश एवं चेतना संघर्ष महारैली के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से सड़कों पर संघर्षरत हैं। महासंघ जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि सरकार को सद्बुद्धि देने और कर्मचारियों की जायज मांगों को बजट में प्रमुखता से शामिल करने की आशा के साथ यज्ञ में आहुति दी गई हैं। इस मौके पर राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, यदुवीर सिंह गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, जिला कंप्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के श्रीराम गोस्वामी,कृषि पर्यवेक्षक संघ के प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा, नर्सेज एसोसिएशन के विकास त्यागी, केशव सिंह त्यागी, शिक्षा कर्मी पैरा टीचर संघ के विशंभर दयाल शर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, आशीष राजपूत, विवेक शर्मा, दिनेश शर्मा, लोकेंद्र गर्ग, प्रदीप शर्मा, संजू परमार,मनोज मीणा, शिवकुमार उपाध्याय, रजनीकांत शर्मा, शैलेंद्र मीणा, अनिल शर्मा, इंदीवर, दीपेश सिंघल, कुलदीप शर्मा, मोनू रजक, प्रकाश, प्रवीण शर्मा, विशंभर बघेला, बालकिशन शर्मा, संतोष पुरी सहित कई संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि सरकार के समक्ष महासंघ का 11 सूत्रीय मांग पत्र के साथ 7 संकल्प पत्र दिया हुआ है जिसमें अधीनस्थसंवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति पद की वेतन विसंगति दूर कर प्रत्येक कार्मिक को 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान (एसीपी) लागू करने और राज्य कर्मियों की वेतन विसंगति दूर कर केंद्र के समान पे-लेवल स्वीकृत करने,पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करना व पीएफआरडीए कानून रद्द कर कर्मचारियों की 53 हजार करोड़ की राशि वापस लाने, संविदा व मानदेय कार्मिकों को स्थायी करना, सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने और तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले शुरू करने तथा विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों के निजीकरण पर अंकुश लगाने के साथ कर्मचारियों के सम्मान सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांगे शामिल हैं।

## बहरावती में नशा मुक्त रैली निकाली




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के गांव बहरावती में युवा संगठन बहरावती के तत्वावधान में 'नशा मुक्त हो अपना गांव, शिक्षित हो अपना गांव' अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली में गांव के विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों व संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में प्रमुख रूप से रामवीर सिंह, विश्वंभर दयाल (अध्यापक), रफीक खान (अध्यापक), श्यामवीर (अध्यापक), जीतेन्द्र कुमार (ह), धर्मेंद्र कुमार (समाजसेवी), शाकिर खान, रामलखन सहित अन्य सम्माननीय ग्रामीण उपस्थित रहे। रैली का मुख्य उद्देश्य गांव के युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखकर उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करना तथा गांव में सकारात्मक और स्वस्थ शैक्षिक वातावरण का निर्माण करना रहा। रैली के दौरान नशा मुक्ति और शिक्षा के महत्व से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली के समापन के बाद सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक पेन पुरस्कार के रूप में भेंट किया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण खर्चा युवा संगठन के सभी सदस्यों की ओर से सामूहिक रूप से वहन किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## राजाखेड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन, समाज को संगठित रहने का दिया संदेश




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के उपखंड राजाखेड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजाखेड़ा परिसर में आयोजित हुआ, जो देशभर में चल रहे संघ के हिंदू सम्मेलन कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत पाराशर जी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरि ओम उदैनिया उपस्थित रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता रवि कुमार (विभाग बौद्धिक प्रमुख) रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों पर बल दिया। इस अवसर पर मधुसूदन ने कहा कि समाज को भेदभाव भुलाकर संगठित रहना चाहिए, तभी सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय मजबूती सुनिश्चित हो सकती है। मुख्य वक्ता रवि कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उसके उद्देश्य और सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ समाज को संस्कार, सेवा और राष्ट्रभाव से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय जीवन मूल्यों के पालन पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवा में सक्रिय लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत हो गया। मंच संचालन आचार्य राकेश उदैनिया ने किया। इस अवसर पर कैलाश चिहार, शिवशंकर उदैनिया, रमाकांत पचौरी, रमाशंकर, प्रदीप पलिया, अनूप गुप्ता, कुश राठौर, आनंद प्रकाश शर्मा, अर्जुन सिंह, मुकेश बघेल, अजय पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जाटोली ग्राम पंचायत में ग्राम उत्थान शिविर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विकास अधिकारी राजेश लवानिया ने सभी कर्मचारियों से कहा कि आम जन की समस्या का निराकरण करे। तहसीलदार कानूनगो व सभी कर्मचारियों से कहा कि आम जन का कार्य समस्याओ का समाधान समय पर करे तथा किसान कृषि विज्ञान अतुल शर्मा हल्का पटवारी स्वाति कुशवाह ,पशु चिकित्सालय व स्वास्थ्य केंद्र से कर्मचारी उपस्थित रहें। सभी ने अपना कार्य निष्ठा से किया। प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर भाजपा सरकार के प्रयासरत है। इसी कड़ी में एक नई पहल करते हुए प्रदेश में ग्रामीण उत्थान शिविर आयोजित किया गया। इसके तहत पंचायत में ग्रामीण उत्थान शिविर मे प्रत्येक विभाग ने लोगो से जुड़े अपने काम कराने की सुविधा एक ही स्थान पर मिल सकेगी। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों के बीच लाकर , पट्टे, नामांतरण, मूलनिवास एवं जाति प्रमाण पत्र समेत दर्जन से अधिक प्रकार के कार्य करवाए। साथ ही, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को जोड़कर उन्हें लाभ प्रदान किए लाभ। मिल सके यह आयोजन हर वर्ग और हर व्यक्ति को छूने वाला है, जिसमें किसान, मजदूर, महिला, युवा समेत हर वर्ग के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया कार्य किया । अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी रही जिसमे सचिव सुमन शर्मा, सरपंच मुन्नी देवी, हरविंदर शर्मा राधेश्याम सक्सेना, सिंह लोधा, हरिओम शर्मा, भगवान लोधी आदि उपस्थित रहे।

## *हुनर शक्ति फाउंडेशन का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान*



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय और सतत योगदान के लिए हुनर शक्ति फाउंडेशन को प्रतिष्ठित इंकलाब अचीवर्स व हकीम अब्दुल हमीद एक्सीलेंस अवार्ड से संस्था निदेशक प्रशांत शर्मा व नीरज झा को सम्मानित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने अपने से हुनर शक्ति फाउंडेशन को यह सम्मान प्रदान किया तथा एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि देकर संस्था के कार्यों की सराहना की। यह सम्मान देशभर में महिलाओं के आत्मनिर्भरता, शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे फाउंडेशन के प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। इस गरिमामयी आयोजन में देश की विभिन्न विधाओं से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें शामिल हैं–

संतोष आनंद - आर्ट एंड कल्चर
पद्मश्री डॉ. जहीर इशाक काज़ी - शिक्षा
पद्मश्री डॉ. मोहसिन वाली - मॉडर्न मेडिसिन
पद्मश्री डॉ. मोहम्मद अब्दुल वाहिद - यूनानी पद्धति
शैलजा चन्द्रा (पूर्व द्धस) - लाइफटाइम अचीवमेंट
आशु गुप्ता (गूँज) - सोशल सर्विस
हुनर शक्ति फाउंडेशन - महिला सशक्तिकरण
टी. सी. चाकू - मेघालय पुलिस अधीक्षक
साक्षी पूनिया - खेल (कबड्डी)
अलख पांडेय (फिजिक्स वाला) - शिक्षा
डॉ. मनोज कमलाकर नेसरी - आयुर्वेद

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हुनर शक्ति फाउंडेशन जैसे संस्थान जमीनी स्तर पर बदलाव की सशक्त मिसाल हैं, जो महिलाओं को हुनर, शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से आगे बढ़ने का मंच दे रहे हैं। यह सम्मान न केवल संस्था के लिए, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्यरत सभी संगठनों के लिए प्रेरणा है।

समारोह का वातावरण प्रेरणादायी रहा, जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को एक मंच पर सम्मानित किया गया। इसको लेकर परिवारजनों व संस्था के सदस्यों ने खुशी जाहिर की।

## खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में करें बेहतर प्रदर्शन : संजीव मागो

### बार ब्रांच की खेल प्रतियोगिताएं शुरू




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से बार- ब्रांच की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव मागो के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला जज संजीव मागो ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बार और ब्रांच के बीच के संबंध ज्यादा मजबूत और माधुर होते हैं । उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से शरीर को ऊर्जा प्रदान होती है और मानसिक विकास में बढ़ोतरी होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने पसंदीदा खेल को खेलना चाहिए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल ने कहा कि अभिभाषक संघ की यह बहुत ही सुखद पहल की गई है। प्रतियोगिताओं में अधिवक्ताओं को तथा न्यायिक अधिकारी कर्मचारियों को अपने खेल प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। एम ए सी टी न्यायाधीश प्रीति नायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होने चाहिए। इससे मानसिक स्ट्रेस से मुक्ति मिलती है और शारीरिक क्षमता का विकास होता है । खिलाड़ियों को इन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। अभिभाषक संघ धौलपुर के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर जिले की सभी बार और ब्रांच के बीच खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अधिवक्ताओं के साथ न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा। इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहे।

इस अवसर पर 100 मीटर व 200 मी की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला 14 फरवरी को होगा।अतिथियों का आभार अभिव्यक्ति संघ के महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर ने व्यक्त किया। समारोह में कोर्ट मेनेजर बृजेश शर्मा, मुंसरीफ राजीव शर्मा, अभिभाषक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल, कीर्ति राजावत , इंद्रा शर्मा, बीनू शर्मा व अधिवक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में हरिमोहन शर्मा शारीरिक,शिक्षक, राकेश परमार, मनोज कुमार, विमल शर्मा, रवि मोहन त्रिवेदी , मोहम्मद जाकिर हुसैन व हीरा बहादुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स वीक के दौरान एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट, केरम, शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन महिला पुरुष वर्ग में किया जाएगा।

## जब हिंदू समाज कमजोर और विभाजित हुआ, तब भारत कमजोर हुआः सक्सैना



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में माधव बस्ती के औडेला रोड स्थित सेंट कोनार्ड स्कूल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व जिला जज अशोक सक्सैना ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया, वहीं संत पागल बाबा, कबीर आश्रम के संत अमृत साहेब, आर्य समाज की महिला प्रधान शारदा आर्य एवं संत सेवाराम ने अतिथि रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने आशीर्वचन में संत पागल बाबा ने सनातन धर्म और हिंदुत्व को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक आधार के रूप में प्रस्तुत करते हुए उसकी राष्ट्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला वहीं अमृत साहेब ने हिंदू समाज से जातिवाद के बंधन को तोड़ने की अपील की। शारदा आर्य ने भी हिंदू एकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अशोक सक्सैना ने कहा कि इतिहास में जब-जब हिंदू समाज कमजोर और विभाजित हुआ, तब-तब भारत कमजोर हुआ। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह सब विभाजन के परिणामस्वरूप पैदा हुए। उन्होंने महर्षि अरविंद के उद्धरण को दोहराते हुए कहा, 'सनातन गिरेगा तो भारत गिरेगा, और सनातन उठेगा तो भारत उठेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म का संगठन महज धार्मिक या सांस्कृतिक आवश्यकता नहीं है। यह भारत को एक सशक्त राष्ट्र और विश्व में मार्गदर्शक बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और हिंदुत्व न केवल भारत की आत्मा हैं, बल्कि वैश्विक कल्याण की भावना भी उसी में निहित है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की मूल भावना 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' पर आधारित है, जो पूरे विश्व के कल्याण की कामना करता है। यह एक समावेशी विचारधारा है, जो किसी भेदभाव को स्थान नहीं देती और सबके सुख की आकांक्षा रखती है। उन्होंने युवाओं में हिंदुत्व के मूल्य, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग ही राष्ट्र का भविष्य है और उन्हें विचार, आचरण और कर्तव्य के प्रति सजग बनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने सनातन और हिंदुत्व के पांच आधार स्तंभ- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और 'स्व' आधारित जीवन शैली का उल्लेख करते हुए इन्हें समाज संगठन की दिशा में आवश्यक बताया। उन्होंने समाज को इन मूल्यों पर संगठित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद त्यागी ने किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने सनातन धर्म आधारित सेवा व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## चीनू पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल जाखी में विदाई समारोह



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस )।** जिले के जाखी गांव स्थित चीनू पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत हुण्डावाल (प्रिंस) व विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिनिवास प्रधान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेन्द्र शर्मा एवं व्यवस्थापक हरिओम शर्मा ने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रशांत हुण्डावाल (प्रिंस ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय वास्तव में विद्यार्थियों का दूसरा परिवार होता है। ये वो जगह है जहां बच्चे सिर्फ शिक्षा नहीं पाते, बल्कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भी सीख लेते हैं। हम सभी जानते हैं कि शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबों से नहीं है। एक अच्छे विद्यालय में बच्चे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य सीखते हैं। अनुशासन, एकता, और सहिष्णुता जैसी बातें उन्हें एक बेहतर इंसान बनाती हैं। प्रशांत हुंडावाल ने बताया कि आज के समय में, जब प्रतिस्पर्धा इतनी बढ़ गई है, हमें विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन देना बेहद जरूरी है। विद्यालय का वातावरण उन्हें न केवल ज्ञान देता है, बल्कि उन्हें समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करता है। प्रशांत हुंडावाल ने बताया कि हमें यह समझना चाहिए कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों के भविष्य की नींव रखता है। हम सब मिलकर इस बात का ध्यान रखें कि हमारे बच्चे न केवल अच्छे विद्यार्थी बनें, बल्कि अच्छे इंसान भी बनें। पूर्व में इस संस्थान के कई बच्चे जिनका चयन उच्च संस्थानों इंजीनियरिंग मेडिकल या अन्य संस्थाओं के लिए हुआ है उनको भी शुभकामनाएं देता हूं।

वहीं विशिष्ट अतिथि हरिनिवास प्रधान ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति की सही उम्र यही होती है, इसलिए विद्यार्थियों को परिश्रम कर अपने जीवन के उद्देश्यों को हासिल करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन धीरज कंसाना ने किया और उन्होंने विदाई समारोह को हर्ष का दिन बताया। प्रधानाचार्य गजेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 12 फरवरी से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को छात्र धैर्यपूर्वक व आत्मविश्वास के साथ दें। विद्यालय के अध्यापक किशोर सर, बजेश सर, पुष्पेंद्र सर व प्रियंका मैडम ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हरिचरण सिंह जादौन को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर हरिचरण सिंह जादौन के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रामशंकर कठेरिया ने जादौन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वे सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध और संगठन के मजबूत स्तंभ थे। जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के.सी. मीणा ने उन्हें सरल और जनसरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व के रूप में याद किया। पूर्व विधायक रानी कोली ने कहा कि जादौन ने क्षेत्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई और सदैव कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। टीओ धौलपुर सतीश वैशला, जिला परिषद के एओ गौरव सिंघल व पूर्व सभापति रीतेश शर्मा ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।झालावाड़ से प्रधान नरेंद्र झाला और राम पाटीदार ने उन्हें जननेता बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल था। पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस दुर्गादास शास्त्री ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जादौन सभी दलों में सम्मानित व्यक्तित्व थे।प्रदेश सचिव धर्मेंद्र शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पिनाहट सुग्रीव सिंह चौहान एवं अमित मुद्गल ने भी दिवंगत नेता को नमन किया।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## राजाखेड़ा में निकाली गई भव्य शिव जयंती रैली, गूंजे शंकर भगवान के जयकारे

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में राजाखेड़ा कस्बे में ईश्वरी प्रजापति ब्रह्मा कुमारीज़ के तत्वावधान में शिव जयंती रैली का आयोजन किया गया। रैली में आकर्षक झांकियां, हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालु और 'परमपिता परमात्मा शंकर भगवान की जय' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रैली की शुरुआत उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद से हुई, जो निबोहरा, बाजना, देवखेड़ा होते हुए राजाखेड़ा नगर में प्रवेश कर विभिन्न मार्गों से गुजरी। श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ सहभागिता करते हुए शिव संदेश का प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर फतेहाबाद निवासी फतेहचंद शर्मा, बीके प्रमोद कुमार, बीके राजेंद्र भाई, बीके राधा बहन, बीके रंजना सहित अनेक महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। रैली के माध्यम से आत्मिक शांति, नैतिक मूल्यों और शिव उपासना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
9 फरवरी, 2026

## कुमास में करणीमाता मंदिर व शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कुमास गांव में शनिवार को आम चौक में हेम सिंह शेखावत सुपुत्र धन्ने सिंह शेखावत की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र उदय सिंह शेखावत व देवी सिंह शेखावत ने करणी माता मंदिर का निर्माण करवाया है। इस दौरान महिलाओं ने नगर भ्रमण के दौरान कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान केसरसिंह, पूर्ण सिंह, डॉ अमर सिंह शेखावत ( प्रसिद्ध होम्योपैथिक ), डॉ गुलाब सिंह विक्रम सिंह, राजेन्द्र सिंह सोंथली (पूर्व आईपीएस), जीतेन्द्र सिंह कारगां, मनोहर सिंह घोड़ीवारा, ओनार सिंह, गंगा सिंह काठाडी प्रेम सिंह रूणीजा (पूर्व दिल्ली मेट्रो हेड) सत्यभान सिंह सिकरवार दिनेश सिंह राघव, समस्त शेखावत परिवार व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## भोलेनाथ की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** क्षेत्र के कुमास के मुक्तिधाम में रविवार को गोवर्धन सिंह पूनिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र ओम प्रकाश पूनिया कमल पूनिया की ओर से शिवजी की प्रतिमा का निर्माण करवाया जिनका उद्घाटन रीटा चौधरी विधायक मंडावा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम कुमास पूर्व सरपंच ने की। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह पुनिया, तनसुख पूनिया, श्रीनिवास पूनिया, भामाशाह श्रीचन्द कुमासीया, मुबारिक खा सरपंच भीमसर, शशिकुमार सरपंच भारू, रामदेव सिंह कॉपरेटिव अध्यक्ष, कुलडा राम पुजारी जालिमपुरा, डॉ अमर सिंह शेखावत, तेज प्रकाश भारु, कल्याण सिंह उप सरपंच शेखसर अजाज नबी प्रधानाचार्य कुमास राजेन्द्र पुनिया मोडसरा का बास, देवकरण सिंह पुनिया, राजेंद्र सिंह पुनिया, करनीराम पुनिया, रणवीर सिंह पुनिया, रामु पुनिया, मुकेश पुनिया, बिजेंद्र पुनिया, मेगाराम, विद्याधर पुनिया, राजवीर पुनिया, जयनारायण पुनिया, नाहर सिंह शेखावत, शुभकरण कुमावत, ख्याली कुमावत, राम पारीक, उदय सिंह शेखावत, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, जयचन्द कुमावत, ओकार सिंह, राजू सिंह शेखावत, रामचंद्र सिंह शेखावत, महेन्द्र सिंह शेखावत, रामसिंह शेखावत, बजरंग लाल जागीड,बनवारी लाल स्वामी, पालाराम कुमावत, राजेन्द्र कटारिया, कुलडाराम कटारिया,संजय पणिहार, रमजान, मामराज बेरवाल, रतन कुमावत, मिठू मिस्त्री आदि मौजूद रहे। अन्त में रणवीर सिंह पुनिया ने सभी का आभार जताया।

## किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करें: काला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राउमावि हनुमानपुरा प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला कहा कि आज का समय विज्ञान व तकनीकी का युग है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रहते हुए अपने बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। काला शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर अध्यक्षीय रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश हित की भावना को आगे रखते हुए हमेशा नवाचार करें। उन्होंने कहा की विद्यार्थी हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें, बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत करें और कभी भी सीखना बंद ना करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश व समाज के विकास के लिए कार्य करें और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समारोह के मुख्य अतिथि सीबीईओ पवन कुमार रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने गत वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों तथा खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतिया दी। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूनम गढ़वाल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सुनील जांगिड़ दिनेश सैनी, कुलदीप सिंह, संगीता , सरिता, मरूधर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ठीकरिया में रक्तदान शिविर: 101 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स

**जाजोद।** ग्राम पंचायत ठीकरिया की राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एसके मेडिकल कॉलेज सीकर की टीम द्वारा कुल 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर स्व. सूरजमल रूंडला, स्व. कमला देवी और स्व. मनोज रूंडला की स्मृति में आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता मोहन रूंडला ने बताया शिविर में महिला-पुरुषों और युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंडेला विधायक सुभाष मील ने इस अवसर पर कहा कि नियमित रक्तदान न केवल जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा करता है।

# धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए जागरुक होकर एकजुट रहने पर दिया जोर



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे के फतेहपुर मार्ग स्थित श्रीगणेश मन्दिर प्रांगण में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ।सन्तों के सानिध्य में कलश यात्रा और वाहनों पर शोभा यात्रा निकली। यह यात्रा मुख्य बाजार और सुभाष चौक, पालिका चौक से गुजरकर गणेश मंदिर पहुंची। मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित हुई जिसमें हिन्दू समाज से बुजुर्ग, माताएं, युवा, बालक और बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। धर्मसभा में टांई आश्रम के महंत सोमनाथ महाराज और महंत नवीननाथ महाराज सानिध्य में रहे। सभा में सनातन परंपराओं, सामाजिक चुनौतियों और आंतरिक एकजुटता पर विचार प्रकट हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया पर समाज की बच्चियों में आ रहे बदलाव दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में सनातन की प्रतिष्ठा बढ़ा सकें। खासकर माताओं से आग्रह किया गया कि वे बालकों और बालिकाओं को पहली गुरु के रूप में संस्कारयुक्त बनाएं। समाज को जागरूक होकर धर्म और समाजहित के विरुद्ध कार्य करने वालों के सामने खड़ा होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि धर्म और राष्ट्र के लिए त्याग व बलिदान भी अपेक्षित हो तो पीछे नहीं हटना चाहिए। हिन्दू समाज के जागरण के लिए गांव-गांव में धर्मसभाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज एक मंच पर बैठकर चर्चा कम करता है और यदि करता भी है तो फोकस राजनीति पर केंद्रित रहता है, जबकि राष्ट्र और धर्म की चर्चा गौण रह जाती है। उन्होंने कहा कि संवाद और संगठन से ही समाज अपनी शक्ति और पहचान विकसित कर सकता है। धर्मसभा का समापन भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कस्बे में सम्मेलन और शोभायात्रा को लेकर दिनभर में उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में चेतननाथ महाराज, ओंकारनाथव विश्वनाथ महाराज आदि मंचासीन अतिथि रहे। मंच का संचालन मण्डावा कॉलेज प्राचार्या डॉ0 वंदना गौतम ने किया। अन्त में संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा ने आभार ज्ञापित किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन, संत सानिध्य में गूंजा शिवाजी बस्ती परिसर







जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के शिवाजी बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम में संत सानिध्य उदासर धाम के पूज्य संत दयानाथ जी महाराज की पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता दीपचंद बिहानी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में रामकिशन ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथि के रूप में तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा सुमन भंसाली व आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में एकता, संस्कारों की मजबूती और राष्ट्रहित में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। रामकिशन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकजुटता, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म, समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा सुमन भंसाली ने अपने संबोधन में मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की उन्नति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनिल शर्मा का आयोजन समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह, दुपट्टा व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन में बस्ती के 30 से अधिक सफाई सैनिकों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। जिससे कार्यक्रम में सेवा और सम्मान का भाव स्पष्ट झलका। कार्यक्रम में समिति के शोभाकांत स्वामी, राधेश्याम भार्गव, अशोक कसेरा, महेंद्र स्वामी, सुरेश वर्मा, बृजमोहन सोनी, रामकिशन पारीक, अमित वर्मा, महावीर मिमानी, सुबोध सेठिया, राजीव व्यास, रघु पारीक, रचना कम्मा, जयश्री वर्मा, राजकुमारी सेठिया, संजू कम्मा, पिंकी सोनी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व सज्जन शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन का समापन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और सेवा भाव के संकल्प के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का संचालन विशाल बोरड ने किया।

### जयपुर जिले के हर गांव और कस्बे में गूंज रही कबड्डी

## जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी के प्रयास ला रहे रंग, खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में सशक्त माध्यम बनी पंच गौरव योजना

तजयपुर में कबड्डी के 1 हजार 173 मैदान और 20 सिंथेटिक मेट मैदान हुए तैयार





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा की अनुपालना में जयपुर में जिला प्रशासन की ओर से पंच गौरव योजना का प्रभावी क्रियान्वयन व प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक खेल के रूप में कबड्डी को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की ओर से जिले में योजना की प्रगति की सतत समीक्षा करते हुए खेल गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। यही कारण है कि जयपुर जिले के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में आज कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है और ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक युवा प्रतिभाएं कबड्डी के मैदानों में अपना हुनर निखार रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में कबड्डी को बढ़ावा देते हुए जिला प्रशासन जयपुर की ओर से युवाओं की प्रतिभाओं को तलाशने व तराशने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कबड्डी ग्रामीण परिवेश में सहज, सुलभ एवं लोकप्रिय खेल है, जो युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिले में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक कर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिले के प्रत्येक राजस्व गांव में कबड्डी मैदान विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत अब तक 1 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपये व्यय कर 1 हजार 173 कबड्डी मैदान तैयार किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय मद एवं भामाशाहों के सहयोग से 32 लाख 70 हजार रुपये की लागत से जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सिंथेटिक मेट मैदान तैयार किए गए हैं, जबकि फागी ब्लॉक में दो सिंथेटिक मेट मैदान विकसित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन मैदानों पर जिले के युवा खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। जिला एवं उपखंड प्रशासन के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें भामाशाहों द्वारा भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही सांगानेर, जोबनेर एवं झोटवाड़ा ब्लॉक में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है, जहां अन्य खेलों के साथ-साथ कबड्डी के लिए भी समुचित मैदान विकसित किए जाएंगे। डॉ. कुमावत ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजकीय एवं निजी विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को अन्य खेलों के साथ-साथ कबड्डी खेल का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को ब्लॉक, जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अवसर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक खेल कबड्डी को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 21 लाख 50 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है। साथ ही, युवाओं को अन्य राज्यों के खिलाड़ियों से रूबरू करवाने के लिए 9 लाख रुपये तथा कबड्डी खेल के उपकरणों की खरीद के लिए 10 लाख रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब लुमास की टीम ने जीता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** धनूरी में चल रही 65 वी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच लुमाश ने चेलासी को प्लेंटी शूट आउट में 4_2 से हराकर फाइनल मैच जीता। नव युवक मंडल संजय शर्मा ने बताया कि धनुरी में चल रही 65 वी फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीम ने भाग लिया। बताया कि विजेता टीम को 21000 हजार ओर ट्रॉफी ओर उप विजेता टीम को 11000 हजार ओर ट्रॉफी का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच में उपस्थित अतिथियों ने लुमाश टीम को बधाई दी। उसके बाद नवयुवक मंडल लुमाश की ओर से धनूरी से लेकर लुमास गांव के आम चौक तक गाजे बाजे के साथ ट्रॉफी के साथ नाचते गाते आए। गांव के आम चौक पर नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों को ग्रामीण महिला और पुरुषों की ओर से बधाई दी गई। इस दौरान अमेरिका प्रवासी कमलेश साईं ने फाइनल मैच की जीत की खुशी में बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को 5100 रुपए की राशि देकर जल पान करवाया। नवयुवक मंडल लुमाश के अध्यक्ष अरविंद शेखावत व मंडल सदस्य की ओर से ट्रॉफी को महात्मा गांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान कैलाश जांगिड़ को ट्रॉफी प्रदान की गई। संस्था प्रधान ने सभी को फाइनल मैच जीतने की शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर संजय शर्मा, दिनेश गोदारा, अजीत सिंह , अरविंद शेखावत सरवन साईं, सुनील शेखावत,रविन्द्र शेखावत, राहुल बुगालिया, अजय सिंह निर्बान, करम वीर शर्मा, दीपचंद म्हारिया ललित, मेनपाल, योगेश, जुगल किशोर, राजेश सैनी, बाबू सिंह शेखावत आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## निधारा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड बाड़ी नगर के गांव निधारा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि देवी सिंह रहे व मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.शिवदयाल मंगल का पाथेय रहा। सर्वप्रथम भारत माता व प्रभु श्री राम के चित्र पर पुष्पमाला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई और कार्यक्रम में पधारे सभी प्रबुद्धजनों व सनातनियों का भगवा पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. शिवदयाल मंगल ने पाथेय में कुटुंब प्रबोधन व सर्व हिन्दू समाज को सामाजिक एकता, समरसता, प्रेम, सद्भाव व भाईचारे के साथ एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को जात-पात को छोड़कर केवल देशहित के लिए कार्य करना चाहिए जिससे हमारा देश अखंड एवं विकसित राष्ट्र बने। कार्यक्रम में डॉक्टर जितेंद्र शर्मा, राम लखन सरपंच, बच्चूसिंह, हेम सिंह, राम मुकुट, बारिस, रामसहाय, कमल सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, अवतार, सुल्तान, कमलसिंह, सोबरन सिंह समेत काफी संख्या में सनातनी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने देशभक्ति के जय घोष लगाए गए।

## विप्र स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया, नवीन कार्यकारिणी का किया गठन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को विप्र स्नेह मिलन, नवीन कार्यकारिणी घोषणा, नियुक्ति व मनोनयन पत्रक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सरंपच राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री गोरीशंकर, बाबू पाटिल, पं. बनवारीलाल शर्मा, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, फतेहचन्द सोती, चन्दनमल सारस्वत, महावीर प्रसाद पंचारिया, ओम सारस्वत, कृष्ण मुरारी पाण्डे मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पं. नीरज गौड़, पं. भूपेश तिवाड़ी, पं. श्रीराम शर्मा व पं. सज्जन लाटा ने वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत् पूजा-अर्चना करवायी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण महासभा विप्र जनों के हित के लिए कार्य करने वाला सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य सर्व समाज को साथ लेकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा का 10 देशों में गठन के बाद एक अंतरराष्ट्रीय संस्था बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विप्र समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये महासभा की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर विप्र हॉस्टल व सामुदायिक केन्द्र बनवाने के लिए प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि समाज को मजबूती के साथ खड़ा होना चाहिए, जिससे समाज की गौरव और प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिले। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सरंपच राकेश शर्मा ने कहा कि हम सब के लिए गौरव की बात है, कि राजस्थान में एक ब्राह्मण मुख्यमंत्री है, जो सफलतापूर्वक प्रदेश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष वैद्य बनवारी लाल शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि चूरू को छोटी काशी के रूप में जाना जाता है और यह विप्र स्नेह मिलन समाज में सकारात्मक भाव पैदा करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि चूरू के सभी वरिष्ठजन व समाज के आमजन को साथ लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है, यदि संगठित रहेंगे तो हमारी बात को मजबूती के साथ सुना जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा ने कहा कि समाज व्यक्ति की सबसे बड़ी पुंजी होती है और समाज में एकता ही व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर देती है। भाजपा नेता ओम सारस्वत ने विप्र समाज को कर्मशील, मर्मशील और संवेदनशील बताते हुए कहा कि विप्र समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्यकारिणी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी में नरेन्द्र काछवाल, पुनित लाटा व मनोज शर्मा को महामंत्री, कमल वशिष्ठ, सुरेश सारस्वत, प्रदीप अत्री, अरविन्द इन्दौरिया व अशोक शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष, जिला व जिला कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। वीणा देवी गौड़, मधुबाला गौड़, हंसा शर्मा, सरोज हारित, रमा नवहाल, चंदा बंसिया, विनिता शर्मा, ममता जोशी, नंदनी शर्मा, चंदा कौशिक, प्रभा धंधावत, निहारिता शर्मा व अर्चना औझा को महिला मोर्चा की पदाधिकारी नियुक्त किया। इस अवसर पर योगेश गौड़, रामस्वरूप शर्मा, कर्ण शर्मा, राकेश औझा, विनय गौतम, किशन पारीक, जितेन्द्र शर्मा, डॉ. रविकांत शर्मा, सुरेश चोटिया, बीरबल शर्मा, भास्कर शर्मा, सोमेश शर्मा, कमल शर्मा, श्रवण शर्मा, अनिल दाधीच, राजीव शर्मा, राकेश शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच, नरेन्द्र लाटा, महेन्द्र दाधीच, बालकृष्ण बावलिया, सुरेन्द्र बावलिया, मदन शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, अमित तिवाड़ी, नवरतन शर्मा, घनश्याम शर्मा, पवन शर्मा, विनिता शर्मा, महेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग व मातृ शक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज योगाचार्य, लक्ष्मीकांत औझा व रवि दाधीच ने किया।

# सरदारशहर का गांधी चौक बना विकास उत्सव का साक्षी, सभापति राजकरण चौधरी के 5 साल पूरे होने पर भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी के कार्यकाल के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को गांधी चौक पर विकास उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपरिषद की ओर से कराए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में किया। विकास उत्सव के दौरान जैसे ही गांधी चौक स्थित नवनिर्मित शहीद भगत सिंह फाउंटेन का लोकार्पण हुआ, पूरा चौक 'शहीद भगत सिंह अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। समारोह में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पद्मश्री देवेन्द्र झाझड़िया, चूरू विधायक हरलाल सारण, भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित सहित अनेक जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सभापति राजकरण चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगरपरिषद की ओर से कराए गए विकास कार्यों से शहर की आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं और आमजन के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास की कोई कमी नहीं आएगी। क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर पद्मश्री देवेन्द्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सारण, भाजपा नेता चन्द्राराम गुरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को सरदारशहर के लिए मील का पत्थर बताया।



## विकास कार्यों का लेखा-जोखा

नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी ने नगरपरिषद द्वारा बीते पांच वर्षों में कराए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क, नाली, पेयजल, सौंदर्यकरण और सार्वजनिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समांः

कार्यक्रम में हरियाणा की रोनी रमन की ओर से प्रस्तुत देशभक्ति कार्यक्रमों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं कार्यक्रम के समापन पर गांधी चौक में जसनाथ जी महाराज के भक्तों की ओर से प्रस्तुत अग्नि नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। मंच संचालन सुरेश वर्मा ने किया। विकास उत्सव समारोह ने न केवल बीते पांच वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया, बल्कि आने वाले समय में सरदारशहर के विकास को लेकर नई उम्मीदें भी जगा दीं।

## सभापति का आभार, 50 से अधिक संस्थाओं ने किया सम्मानः

समारोह में सभापति राजकरण चौधरी ने सभी अतिथियों व नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'जिस दिन हमने कार्यभार संभाला था, उसी दिन से हमारा नारा था—काम किया है, काम करेंगे, जन-जन का सम्मान करेंगे। इसी सोच के साथ बीते पांच वर्षों में सरदारशहर में अनेक विकास कार्य किए गए। इस अवसर पर शहर की 50 से अधिक सामाजिक संस्थाओं की ओर से सभापति राजकरण चौधरी का अभिनंदन किया गया।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट भवन का जीर्णोद्धार, इंटरलोक कार्य का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** जिला व सेशन न्यायधीश सुश्री सोनिका पुरोहित ने वीसी के माध्यम से तारानगर के सिविल न्यायधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट भवन का जीर्णोद्धार किया और न्यायालय परिसर में इंटरलोक कार्य लोकार्पण किया। अपर जिला व सेशन न्यायधीश संतोष कुमार मीणा ने पंडित से पूजा अर्चना व मंत्रोचारण करवाकर सिविल न्यायधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिँह को न्यायालय भवन के इजलास कक्ष में न्याय बेच पर पदासीन किया। बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर डीएसपी रोहित सांखला सहित न्यायालय स्टाफ के कर्मचारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कनोई स्कूल की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पीएमश्री राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। कक्षा 9 व 10 के ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओ को जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी सेलून, बीकानेर तथा हेल्थ केयर के छात्राओं को श्री राम हॉस्पिटल, बीकानेर का भ्रमण करवाया गया। जावेद हबीब हेयर ब्यूटी सेलून में हेयर व ब्यूटी एक्सपर्ट विकास गौड़, व गुरप्रीत कौर ने बालों व त्वचा की देखभाल व सौंदर्य से संबंधित अनेक जानकारियां दी। छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं एवं कौशल विकास के महत्व की जानकारी दी। श्री राम हॉस्पिटल के तकनीकी अधिकारी नरेंद्र धवल ने बच्चों को हॉस्पिटल का भ्रमण करवाया। इस दौरान विभिन्न बिमारियों के उपचार में काम आने वाली अनेक प्रकार की मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य के रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य शिवपाल सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सुलोचना, रंजना, नानूराम मेघवाल, विकास कुमार साथ रहे।

# सोमासर गांव में हाई वोल्टेज करंट से जले विद्युत उपकरण

### आधा दर्जन घरों में पहुंचा हाई वोल्टेज करंट

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सोमासर गांव में हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का करंट घरेलू विद्युत लाइन में आने से आधा दर्जन घरों के विद्युत उपकरण जल गए। गांव के अंदर विद्युत पोल के ऊपर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन और नीचे घरेलू विद्युत लाइन एक साथ होने के कारण कई बार इस प्रकार की घटना हो चुकी है। हाई वोल्टेज करंट घरेलू विद्युत लाइन में आने के कारण विद्युत मीटर भी जल गए। सोमासर गांव के राजूराम मेघवाल ने बताया कि मेरी एक फैंसी स्टोर की दुकान है और हमारी दुकान के पास एक विद्युत पोल लगा हुआ है। जिसके ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत लाइन और नीचे से घरेलू विद्युत लाइन गुजर रही है। हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का करंट घरेलू विद्युत लाइन में आने के कारण मेरी दुकान के उपकरण भी जल गए तथा आसपास के घरों के विद्युत उपकरण और विद्युत मीटर जल गए। इसके बाद घटना की जानकारी विद्युत विभाग को देकर विद्युत सप्लाई को बंद करवाया गया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि हाई वोल्टेज विद्युत लाइन और घरेलू विद्युत लाइन को अलग-अलग किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर विद्युत लाइन ऐसे ही रही तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस बारे में विद्युत विभाग को पहले भी अवगत करवाया गया था। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण घरों के उपकरण जले हैं। प्रशासन से गांव के बलवीर, मगाराम, मालाराम शिला सहित ग्रामीणों ने विद्युत लाइन को अलग- अलग करने की मांग की है।



# जयपुर में 88 विराट हिंदू सम्मेलनों का सफल आयोजन

### सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण का दिया गया व्यापक संदेश

### कलश व तुलसी यात्राओं से जन-जागरण, 'पंच-परिवर्तन' के संकल्प के साथ 2 हजार से अधिक की औसत सहभागिता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** राजधानी जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 88 विराट हिंदू सम्मेलनों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को केंद्र में रखते हुए 'पंच-परिवर्तन' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। सभी आयोजनों में औसतन 2000 से अधिक हिंदू समाज की सहभागिता रही, जबकि 1000 से अधिक मातृशक्ति ने कलश यात्राएं और 1500 से अधिक महिलाओं ने तुलसी यात्राओं में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया मानसरोवर क्षेत्र के कमला नेहरू नगर बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में रामेश्वर धाम बालाजी मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा में 1500 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री ने कहा कि 'एकता और राष्ट्रीयता के भाव को और सशक्त करना होगा। हिंदुत्व ही विश्वबंधुत्व की आधारशिला है और भारत आने वाले समय में पूरे विश्व को मार्गदर्शन देगा। सम्मेलन में 'पंच-परिवर्तन' आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। विख्यात भजन गायक प्रकाश माली के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। आयोजन से पूर्व प्रभात फेरियां भी निकाली गईं।





## ब्रह्मपुरी में तुलसी यात्रा, हर घर तुलसी का संकल्पः

ब्रह्मपुरी क्षेत्र में आयोजित भव्य तुलसी यात्रा में करीब 1500 महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मंदिर प्रांगण में पूजन-अर्चना के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रत्येक घर में तुलसी पौधा लगाने, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के संकल्प दिलाए गए। मुख्य वक्ता प्रशांत कुमार ने हिंदू समाज की पर्यावरण और परिवार केंद्रित परंपराओं पर प्रकाश डाला। बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उल्लासमय बना दिया।

## आमेर में दहेजमुक्त विवाह करने वाले परिवारों का सम्मानः

आमेर स्थित पीली की तलैया क्षेत्र में 1100 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। समारोह में दहेजमुक्त विवाह करने वाले परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि दहेज प्रथा समाप्त कर सामाजिक समानता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

## मौजी कॉलोनी में वीरों, गौ-सेवकों व पर्यावरण सेवकों का सम्मानः

करधनी स्थित मौजी कॉलोनी में आयोजित सम्मेलन में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के परिवारों, गौ-सेवकों और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् के गायन के साथ हुआ।

## नीति नगर व दादूदयाल नगर में प्रतिभा, वीरता और संस्कारों का संगमः

नीति नगर बस्ती में संत रोशन नाथ महाराज ने हिंदू परिवारों को एकजुट रहने का आह्वान किया, जबकि महानगर प्रचार प्रमुख बिरेंद्र पांडे ने भारत की विश्व-कल्याणकारी भूमिका पर उद्बोधन दिया। दादूदयाल नगर में आयोजित विराट सम्मेलन में 96 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों, तीन या अधिक संतान वाली वीर माताओं, संयुक्त परिवारों, समाजसेवियों, पर्यावरण संरक्षकों और भामाशाहों का सम्मान किया गया।

## प्रताप बस्ती में संगठित समाज का संदेशः

मालवीय नगर की प्रताप बस्ती में आयोजित सम्मेलन में जयपुर महानगर के सहकार्यवाह अशोक शर्मा और योग गुरु महेंद्र सिंह मंचासीन रहे। वक्ताओं ने समाज की एकता, जागरूकता और संस्कारों को संस्कृति की रक्षा का आधार बताया तथा तनावमुक्त जीवन और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया।

## महारानी फार्म में प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेशः

महारानी फार्म क्षेत्र में आयोजित सम्मेलन में प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पौधारोपण पर जोर दिया। नारी शक्ति मंच की डॉ. अंजलि धाबाई ने कहा कि 'स्वच्छ और हरित जयपुर के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।' पारंपरिक लोकनृत्य व भक्ति गीतों ने आयोजन को रंगारंग बनाया।

# निवर्तमान सभापति व पार्षदों का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 20 और 21 में नगरपरिषद की ओर से करवाएं गए विकास कार्यों को लेकर वार्ड वासियों की ओर से हरिराम जी के मंदिर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों की ओर से निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, पार्षद सुनील मीणा, पार्षद प्रतिनिधि राजूनाथ सिद्ध, पूर्व पार्षद मूलचंद मीणा आदि का माला पहनाकर, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद सुनील मीणा ने कहा कि जिस विश्वास के साथ वार्ड के लोगों ने हमें चुनकर नगरपरिषद में भेजा था। हम पर विश्वास जताया उस विश्वास के अनुरूप हमने पिछले 5 सालों में वार्ड के विकास कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हमारी वार्डों में टूटी सड़कों को नया रूप देना, स्ट्रीट लाइट लगवाना, पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण करना और नालियों पर जाली लगाना सहित तमाम प्रकार के विकास कार्य हमारे वार्डों में किए गए हैं। इस अवसर पर निवर्तमान नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों की ओर से दिए गए इस मान सम्मान के लिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि हमने बिना किसी भेदभाव के हर वार्ड में विकास कार्य किए हैं। करवाएं गए विकास कार्यों को लेकर ही जगह-जगह शहर के लोगों की ओर से स्वागत सम्मान के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकाल समाप्त हो चुका है। लेकिन आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम रुकेंगे नहीं थकेंगे नहीं और इसी प्रकार विकास के कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकाल पूरा होने के बाद भी शहर में विकास कार्यों का दौर चालू है और जगह- जगह विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर वार्ड के लोगों लोगों के साथ वार्ड में लगाई गई हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश वर्मा ने किया।

# अपनी मांगों को लेकर संयुक्त महासंघ ने किया संकल्प सिद्धि व सद्बुद्धि यज्ञ

### 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल सफल बनाने का आह्वान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को जिला मुख्यालय चूरू में संकल्प सिद्धि व सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के समाधान और सरकार को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से किया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि 12 जनवरी को आयोजित सफल व ऐतिहासिक चेतावनी महारैली तथा 3 फरवरी 2026 को सम्पन्न वर्चुअल बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में आंदोलन के आगामी चरण के तहत यह सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ के दौरान महासंघ के सात प्रमुख संकल्पों का सामूहिक उच्चारण करते हुए आहुतियां दी गईं। जिलाध्यक्ष चारण ने बताया कि महासंघ की प्रमुख मांगों में पदोन्नति में व्याप्त विसंगतियों को दूर करना, 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करना, वेतन विसंगतियों को समाप्त कर केंद्र के पे-लेवल के अनुरूप वेतनमान स्वीकृत करना, पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करना, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का नियमितीकरण, पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी करना तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करना शामिल है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों को समाप्त कर किए जा रहे निजीकरण को बंद करने तथा कर्मचारियों के मान-सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। चारण ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी और मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में तथा महासंघ की मांगों के समाधान के लिए 12 फरवरी 2026 को राज्य कर्मचारी अवकाश पर रहकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाएंगे।




# सुलभ आवागमन हमारी प्राथमिकताः महर्षि

### रतनगढ़ के वार्ड 34 में सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने रविवार को वार्ड नंबर 34 में नई सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने पूर्व विधायक महर्षि सहित अन्य भाजपा नेताओं का पुष्पहार व साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि विकास कार्य जाति, धर्म एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर कराए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा। महर्षि ने कहा कि वर्तमान समय में सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। सड़क निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वार्ड नंबर 34 में यह सीसी सड़क व नाला निर्माण कार्य सुभाष स्वामी की दुकान से गोपी चौमाल के मकान तक किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश महर्षि, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन देव रूंथला, किशनलाल सैनी, मंडल महामंत्री दीपक मुरारका, डॉ. अरुण पचलंगिया, मंडल मंत्री भींवराज प्रजापत, ओम प्रकाश शर्मा, किशन लाल घोड़ेला, जगदेव शर्मा, सुभाष स्वामी, अनिता महर्षि, सर्वेश इंदौरिया, भंवरलाल टेलर, पवन महर्षि, दीपचंद प्रजापत, बाबूलाल बड़ीवाल, रामलाल प्रजापत, किशन स्वामी, धनराज स्वामी, अमित स्वामी, रामदेव चंदनिया, ओमप्रकाश प्रजापत, बलवीर स्वामी, केदारमल हरितवाल, शिव भगवान चौमाल, गिरधारी लाल महर्षि, दीनदयाल चौमाल, भोलाराम लोहार, जगदीश लोहार, महेंद्र स्वामी, संजय लोहार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वार्डवासियों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए पूर्व विधायक व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## पारख की आंखों से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

### नेत्रदान महादान का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** श्रीडूंगरगढ़ में मानवता और सेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर बास निवासी भंवरलाल पारख पुत्र स्व जयचन्दलाल पारख का 84 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन होने पर उनके पुत्र व पुत्रवधु प्रकाश चन्द पारख, विमलादेवी व मूलचन्द पारख, मधुदेवी पुत्री राजश्री दुधेड़िया की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ हॉस्पिटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व दिनेश शर्मा ने रात्रि में श्रीडूंगरगढ़ जाकर सफलतापूर्वक नेत्र संग्रह किया। नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केन्द्र का यह 31वां नेत्रदान हुआ है। प्रेरक के रूप में विमल पुगलिया, अशोक बैद एवं तेरापंथ युवक परिषद श्रीडूंगरगढ़ के संयोजक अशोक झाबक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पारख परिवार ने गम भुलाते हुए किसी के अन्धेरे जीवन में रोशनी लाने के लिए नेत्रदान कर परोपकार का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया।पारख के नेत्रदान किए जाने पर उनके परिजनों का गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ हॉस्पिटल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## श्रीमद् भागवत कथा को लेकर पोस्टर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के श्री महेन्दीपुर बालाजी मंदिर में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक होने वाले श्रीमद्भागवत कथा को लेकर पोस्टर विमोचन तैयारीयां शुरू हो गयी। भक्त मण्डल के एडवोकेट रोहित मारू ने बताया कि पुजारी राजूराम के सानिध्य में मेहन्दीपुर बालाजी के भक्त मण्डल की ओर से 19 फरवरी से 25 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। कथा के दौरान 19 फरवरी को आथुणा बास दादाजी मन्दिर से कलश यात्रा निकालेंगे जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर मन्दिर कथा स्थल पहुंचेगी।कथा श्रीमद् दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज के शिष्य दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम अपने मुखारविंद से कथा का वाचन करेंगे। 26 फरवरी को 9.15 पुर्णाहुती व महाप्रसाद का आयोजन होगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रखा गया है। जिसको लेकर भक्त मण्डल के सभी को जिम्मेदारी दे दी गई है।

## सांगलिया धूणी पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज आएंगे सुजानगढ़

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास में ब्रज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ व विशाल कलश यात्रा का आयोजन होगा। किशोर दास स्वामी ने बताया कि सुबह कृषि मंडी के पीछे श्री गणेश मंदिर से अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी ओम दास महाराज के पावन सानिध्य में विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा शगणेश मंदिर से होते हुए कृषि मंडी के सामने से बीड़दा दास बगीची होते हुए ब्रज धाम कथा स्थल पहुंचेगी। जहां पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर श्री मद भागवत कथा का रसापान कराएंगे। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## एसडीएस कॉलेज में दिया एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में संचालित एनसीसी ईकाई 3 राज गर्ल्स बटालियन के कैडेट्स को जोधपुर यूनिट के हवलदार गब्बर सिंह व हवलदार तेज कुमार गुरंग ने 22 राइफल एवं एसएलआर राइफल के पार्ट्स की जानकारी दी। राइफल को खोलना व बंद करना, फायरिंग पोजिशन्स, मैप रीडिंग, फिल्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, ड्रील व डीएसटी आदि का प्रशिक्षण दिया। कैडेट्स के बीच वेपन ट्रेनिंग की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी करवाया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ.मेघना सोनी ने बताया कि एनसीसी की ओर से आयोजित होने वाली बी व सी सर्टिफिकेट परीक्षा में महाविद्यालय के कैडेट्स हिस्सा लेंगे, उनके लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उप प्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने प्रशिक्षण देने युनिट से आए हवलदार गब्बर सिंह व हवलदार तेज कुमार गुरंग का धन्यवाद दिया।

## नाबालिग घर से लापता

**सुजानगढ़(नि. सं.)।** सुजानगढ़ के निकटवर्ती गांव की एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से गायब हो गई। बालिका के पिता ने सदर थाने में एक युवक पर शक जताते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को बालिका के पिता ने बताया है कि उसके गांव के ही मुकेश नामक युवक पर बालिका को भगा ले जाने का उसे शक है। घटना 5 फरवरी की है। सदर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कुटुंब प्रबोधन एक अनिवार्य आवश्यकता

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सुभाष बस्ती बुकलसर बास व भूरजी कुआं क्षेत्र में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन शिवबाड़ी बाबोसा मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं की ओर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा के रूप में सम्मेलन स्थल पर प्रवेश किया। बस्ती में जगह जगह बस्तीवासियों की ओर से कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सम्मेलन का विधिवत आरंभ स्वस्ति वाचन के साथ मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रतनगढ़ जिला प्रचारक गिरेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश की सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने समाज से जाति-पाति और भेदभाव को त्यागकर सनातन मूल्यों के अनुरूप एक-



दूसरे को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने उद्दबोधन में बताया कि समाज संगठित होकर ही देश की सारी समस्याओं का समाधान कर सकता है। आज देश की स्थिति को देखते हुए हिंदू समाज को संगठित रूप से सामाजिक समरसता, प्रेम, सेवा और एकता को जीवन में उतारकर एक सम्मिलित शक्ति के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कालू, बीकानेर के संत शुकदेवदास मौनीजी महाराज ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमारे कुटुंब की व्यवस्था एवं हमारे जो परस्पर रिश्ते हैं। उन रिश्तों को बनाए रखने के लिए संतान का संस्कारित होना अति आवश्यक है। संतान को संस्कारित करने लिए सभी सनातनी परिवारों को अपने सनातन संस्कारों का पालन करना चाहिए। संस्कारित संतान हमारे घर में होगी तो ही हमारे रिश्ते और परिवार सुरक्षित होंगे। संत श्री ने नशामुक्ति, नैतिक मूल्यों की रक्षा और परिवार व्यवस्था को मजबूत करने जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे। आयोजन समिति के सचिव गजानंद सैनी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज को जोड़ना, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों–प्रेम, करुणा और एकता को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान बस्ती के वरिष्ठ वृद्धजन, प्रभात फेरी निकालने वाले, गौ सेवा करने वाले, स्वच्छता कर्मियों, पर्यावरण संरक्षण करने वाले, परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले, धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र व खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिससे युवाओं में प्रोत्साहन व सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन में उपस्थित लोगों को प्रसादी वितरित की गई तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ हुईं। जिससे पूरे परिसर में उत्सवपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में प्रकाश माटोलिया, रामदेव सुथार, अंबालाल भार्गव, अमर चंद नायक, लोकेंद्र सिंह, संदीप सैनी, रोहिताश सोनी, अमित शर्मा, विनोद जाट, मुरलीधर सैनी, प्रकाश टोकसिया, मदन सैनी, रामकिशन प्रजापत, बाबूलाल धोबी, ओमप्रकाश नाई, सूरजभान गुर्जर, गौरीशंकर सैनी, प्रमोद, हनुमानमल भोजक, रमेश भोजक, शंकर जाट, हनुमान माटोलिया सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक भोजक ने किया।

## मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 296 मरीजों की जांच

### 118 आंखों के मरीजों का ऑपरेशन के लिए किया चयन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर स्वर्गीय मानिकचंद कौशल्यादेवी कर्वा की स्मृति में कौशल्या देवी मानिकचन्द प्रदीप कुमार कर्वा चेरिटेबल ट्रस्ट के कुसुम रतन मोहन सारडा कोलकाता के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चतुर्थ कैम्प लगाया गया। शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि छगनलाल तोषनीवाल, ट्रस्ट प्रतिनिधि प्रेरक ललित लखोटिया, गौ सेवक प्रमोद चौहान ने फीता काटकर किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ श्रेया जग्गी व उनकी टीम ने 296 मरीजों की जांच कर 118 रोगियों का ऑपरेशन हेतु चयन किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक



ने बताया की सभी चयनित 118 मरीजों को बस से जयपुर ले जाया गया। जनवरी माह कैंप के ऑपरेशन किए। 66 मरीजों को नेत्र जांच के बाद चश्मे भेंट किए गए। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज, लायन अनिल गोयल, हंसराज सोनी, मुबारक तुगलक, आस करण सोनी, डॉ पूनमचंद भाटी, राशिद बेहलीम, महेंद्र निर्वाण, देवचंद सोनी, सुभाष जांगिड, कैलाश भाटी, फुसाराम स्वामी, सुमन कंवर, गंगाराम सुथार, गिरधारी लाल, मोहम्मद अयूब ने सहयोग किया।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर लोढ़सर बस स्टैंड के पास ट्रेक्टर ट्रॉली और ट्रेलर की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमे दो लोग घायल हो गए तथा एक को मामूली चोट लगी। लोढ़सर निवासी दुकानदार नारायण प्रजापत की ओर से हादसे की सूचना मिलते ही टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत, सदर थाना सुजानगढ़ से उप निरीक्षक गीता रानी, 108 मौक़े पर पहुंचे तथा ट्रेलर मे फंसे चालक, खलासी, ट्रेक्टर चालक को ग्रामीणों के सहयोग से निकालकर सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आए और इमरजेंसी मे भरती कराकर इलाज शुरू कराया। घायलों मे ट्रेक्टर चालक हरिदास (60) पुत्र सीतादास स्वामी, निवासी ओड़ींट लाडनू, ट्रेलर चालक आवेश (22), क़ासिम (25), निवासी गांव ओजरी तहसील कराना, जिला शामली उत्तरप्रदेश शामिल हैं।



भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रेलर नागौर साइड जा रहा था, जबकि ट्रेक्टर सालासर साइड जा रहा था। घटना के बाद आवागमन बाधित हुआ पर पुलिस और हाईवे रख - रखाव की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से वाहनों को साइड में कराया।

## रक्तदान शिविर में 62 यूनिट ब्लड एकत्रित

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के बरसाना बाग, भाटावाला वाटिका रोड़, सांगानेर में रविवार को युवा समाजसेवी गणेश बोहरा कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी ने अपने जन्मदिवस पर मानव सेवा की मिसाल पेश की ओर सत्यम ब्लड सेंटर के सहयोग से उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कराया, जिसमें गणेश बोहरा और ईष्ट मित्रों समेत कुल 62 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को फल वितरित भी किया गया। सत्यम ब्लड सेंटर की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



समाजसेवी गणेश बोहरा ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ होम्योपैथी, निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर भी लगाया गया , जिससे आमजन को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की ओर से स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया। जन्मदिन के अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ (कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार),रामचरण बोहरा पूर्व सांसद (लोकसभा) जयपुर , मंजू शर्मा संसद सदस्य (लोकसभा) जयपुर ग्राम मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई संदेश साझा किए। इन संदेशों में समाजसेवी के कार्यों की सराहना की गई और उनके उत्तम स्वास्थ्य, सफलता व दीर्घायु की कामना की गई, जिसे एक जनसेवा का उत्साहवर्धक मंच माना गया। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं के साथ-साथ समर्थकों की ओर से बधाई संदेशों के जरिए समाजसेवा के प्रति अटूट विश्वास व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी दे सकता है, यही इसे सबसे महान दान बनाता है। रक्तदान केवल मरीज की जान बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सहयोग, भाईचारे और परस्पर संवेदनशीलता का सशक्त संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत उत्सव को रक्तदान शिविर के रूप में मनाना वास्तव में प्रेरणादायी पहल है, जिससे युवाओं को भी आगे बढ़कर इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने की सीख मिलती है। इस अवसर पर नवरत्न नराणिया जयपुर नगर निगम जिला उपाध्यक्ष चेयरमेन,, ओमप्रकाश शर्मा जयपुर सिविल लाईन विधानसभा, मदनलाल शर्मा जीएसएस चेयरमैन मोहनपुरा, सीताराम मीणा जीएसएस चेयरमैन सीतापुरा, मदनलाल बागड़ा काठावाला , अंकित चौधरी, रामप्रसाद शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, कन्हैयालाल बागड़ा अध्यक्ष जयपुर, बाबूलाल शर्मा, मनोज शर्मा, संरपच तितरिया राकेश शर्मा आदि नागरिक उपस्थित रहे।

## भामसी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताः खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव भामसी में रविवार को क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में भगत सिंह फोर्स की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भामसी ए और भामसी बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें भामसी ए टीम विजेता रही। महिला कबड्डी प्रतियोगिता आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसमें भामसी की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बेरासर छोटा की टीम उपविजेता रही। महिला कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रवीना सोनी को बेस्ट प्लेयर चुना गया। कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा भारती की प्रांत महिला प्रमुख एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और महिलाओं के लिए भी खेल उतने ही जरूरी हैं। आज महिलाएं और बच्चे मोबाइल तक सीमित होते जा रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है और मैदानों की रौनक भी बढ़ती है। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजकुमार पूनिया ने कबड्डी को ओलंपिक में शामिल करने की मांग रखते हुए कहा कि कबड्डी भारत की पारंपरिक और लोकप्रिय खेल है, जिसे वैश्विक पहचान



मिलनी चाहिए। प्रतियोगिता में मटका दौड़ में बेरासर की कृष्णा प्रथम, दुर्गा द्वितीय और कविता तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर बूढ़ा दौड़ में जोगेंद्र फगेड़िया प्रथम, लक्ष्मी नारायण द्वितीय और दुलाराम तृतीय स्थान पर रहे। महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में भामसी की महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट गायत्री पूनिया व चिड़ावा की निर्मल शर्मा अनूप पूनिया, मोहनलाल झाड़सर, कर्ण सिंह फगेंडीया जुगल किशोर पूनिया और राजकुमार पूनिया का स्वागत व अभिनंदन किया गया। खेलो दिनेश पुनिया में नीरू शर्मा राजबाला कालेर, सोनू , निहाल सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई अंत में एडवोकेट राजेश सारण और राजेश कसवा ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। वहीं सुखवीर भामाशी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## डिवाईडर पर खड़े युवक को मारी टक्कर

**राजलदेसर(निस)।** बस में सवार होकर अपने गांव से राजलदेसर आए 42 वर्षीय व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। उक्त घटना एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी रिकॉर्ड हुई है। जानकारी के अनुसार तहसील के गांव बीनादेसर निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र बस में सवार होकर गांव से राजलदेसर आया था। वह बस से नीचे उतरकर सड़क पार करने के लिए डिवाइडर पर खड़ा था। इसी दौरान तेज गति से चल रहे ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी तथा कार को कुछ दूरी तक घसीटा, जिससे कार डिवाइडर पर चढ़ गई और वहां पर खड़े जितेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जितेंद्र हवा में उछलकर सड़क पर गिर गया।

## ससुर, सौतेली सास और उसके बच्चों पर मारपीट का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के वार्ड नं. 9 की एक महिला के साथ ससुर, सौतेली सास और उसके बच्चों की ओर से मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी सौतेली सास रजिया के साथ ही रहती है। उसकी सास ने अपने पूर्व पति के बेटे खालिद, बेटी सिमरन और साइना को साथ रहने बुला लिया। जिसके बाद ससुर हमीद अगवान के साथ सौतेली सास और उसके पहले पति के बच्चे उसे घर से निकल जाने को कहते। नहीं जाने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। 17 जनवरी को सभी ने मिलकर उसे बन्दी बना लिया। जिस पर उसने 112 पर शिकायत की तो पुलिस ने आकर उसे छुड़वाया। इसके बाद 3 फरवरी को सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके पति के आने पर दोनों को बंधक बना लिया। तब उसके पति ने पुलिस और परिजनों को फोन किया तो उन्होंने उन्हें छोड़ा। घटना के दौरान उसकी स्थिति गंभीर होने पर उसे राजकीय बगडिया हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से उसे सीकर रेफर कर दिया। महिला ने ससुर, सौतेली सास और उसके पहले पति के बच्चों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 /12700 दिनांकः- 06/02/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पटटे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अंदर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तिया पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्रस | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री टीनू पुत्र श्री बनवारी लाल मेहतर | वार्ड न. 26 | 105.11 वर्गमीटर | 1591 |
| 02. | श्रीमान नवल कुमार प्रजापत पुत्र जगदीश प्रसाद प्रजापत | वार्ड न.35 | 261.1933 वर्गमीटर | 1753/451 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

### District Project Management Unit, Churu (Name of Procuring Entity)

**Notice Inviting Bid**

Bids for making Bags Name (s) of subject matter (s) of Procurement are invited from interested bidder's upto 12.00 PM (time) 06-02-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurementportal (http://sppp.raj.nic.in)ofthestate; andhttps://rgavp.rajasthan.gov.in/website master/Tenders Eoldepartment website.

NIB:-RGA2526A0300
UBN:-RGA2526GSOB00357 Rs. 5.00 lakh

**(Designation of Bid Inviting officer)**

### District Project Management Unit, Churu (Name of Procuring Entity)

**Notice Inviting Bid**

Bids for Print of Flex/Standy/Hording/Facia/Cutout Name (s) of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidder's upto 12.00 PM (time) 04-02-2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurement portal (http:// sppp. raj.nic. in) ofthestate; andhttps://rgavp. rajasthan.gov.in/websitemaster/Tenders Eoldepartment website.

NIB:-RGA2526A0299
UBN:-RGA2526GSOB00356 Rs. 7,00,000.00 lakh

**(Designation of Bid Inviting officer)**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
9 फरवरी, 2026

# धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए जागरुक होकर एकजुट रहने पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे के फतेहपुर मार्ग स्थित श्रीगणेश मन्दिर प्रांगण में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ।सन्तों के सानिध्य में कलश यात्रा और वाहनों पर शोभा यात्रा निकली। यह यात्रा मुख्य बाजार और सुभाष चौक, पालिका चौक से गुजरकर गणेश मंदिर पहुंची। मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित हुई जिसमें हिन्दू समाज से बुजुर्ग, माताएं, युवा, बालक और बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। धर्मसभा में टांई आश्रम के महंत सोमनाथ महाराज और महंत नवीननाथ महाराज सानिध्य में रहे। सभा में



सनातन परंपराओं, सामाजिक चुनौतियों और आंतरिक एकजुटता पर विचार प्रकट हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया पर समाज की बच्चियों में आ रहे बदलाव दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में सनातन की प्रतिष्ठा बढ़ा सकें। खासकर माताओं से आग्रह किया गया कि वे बालकों और बालिकाओं को पहली गुरु के रूप में संस्कारयुक्त बनाएं। समाज को जागरूक होकर धर्म और समाजहित के विरुद्ध कार्य करने वालों के सामने खड़ा होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि धर्म और राष्ट्र के लिए त्याग व बलिदान भी अपेक्षित हो तो पीछे नहीं हटना चाहिए। हिन्दू समाज के जागरण के लिए गांव-गांव में धर्मसभाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज एक मंच पर बैठकर चर्चा कम करता है और यदि करता भी है तो फोकस राजनीति पर केंद्रित रहता है, जबकि राष्ट्र और धर्म की चर्चा गौण रह जाती है। उन्होंने कहा कि संवाद और संगठन से ही समाज अपनी शक्ति और पहचान विकसित कर सकता है। धर्मसभा का समापन भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कस्बे में सम्मेलन और शोभायात्रा को लेकर दिनभर में उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में चेतननाथ महाराज, ओंकारनाथव विश्वनाथ महाराज आदि मंचासीन अतिथि रहे। मंच का संचालन मण्डावा कॉलेज प्राचार्या डॉ0 वंदना गौतम ने किया। अन्त में संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा ने आभार ज्ञापित किया।

## कुमास में करणीमाता मंदिर व शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कुमास गांव में शनिवार को आम चौक में हेम सिंह शेखावत सुपुत्र धन्ने सिंह शेखावत की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र उदय सिंह शेखावत व देवी सिंह शेखावत ने करणी माता मंदिर का निर्माण करवाया है। इस दौरान महिलाओं ने नगर भ्रमण के दौरान कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान केसरसिंह, पूर्ण सिंह, डॉ अमर सिंह शेखावत ( प्रसिद्ध होम्योपैथिक ), डॉ गुलाब सिंह विक्रम सिंह, राजेन्द्र सिंह सोंथली (पूर्व आईपीएस), जीतेन्द्र सिंह कारगां, मनोहर सिंह घोड़ीवारा, ओनार सिंह, गंगा सिंह काठाडी प्रेम सिंह रूणीजा (पूर्व दिल्ली मेट्रो हेड) सत्यभान सिंह सिकरवार दिनेश सिंह राघव, समस्त शेखावत परिवार व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## भोलेनाथ की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** क्षेत्र के कुमास के मुक्तिधाम में रविवार को गोवर्धन सिंह पूनिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र ओम प्रकाश पूनिया कमल पूनिया की ओर से शिवजी की प्रतिमा का निर्माण करवाया जिनका उद्घाटन रीटा चौधरी विधायक मंडावा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम कुमास पूर्व सरपंच ने की। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह पुनिया, तनसुख पूनिया, श्रीनिवास पूनिया, भामाशाह श्रीचन्द कुमासीया, मुबारिक खा सरपंच भीमसर, शशिकुमार सरपंच भारू, रामदेव सिंह कॉपरेटिव अध्यक्ष, कुलडा राम पुजारी जालिमपुरा, डॉ अमर सिंह शेखावत, तेज प्रकाश भारु, कल्याण सिंह उप सरपंच शेखसर अजाज नबी प्रधानाचार्य कुमास राजेन्द्र पुनिया मोडसरा का बास, देवकरण सिंह पुनिया, राजेंद्र सिंह पुनिया, करनीराम पुनिया, रणवीर सिंह पुनिया, रामु पुनिया, मुकेश पुनिया, बिजेंद्र पुनिया, मेगाराम, विद्याधर पुनिया, राजवीर पुनिया, जयनारायण पुनिया, नाहर सिंह शेखावत, शुभकरण कुमावत, ख्याली कुमावत, राम पारीक, उदय सिंह शेखावत, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, जयचन्द कुमावत, ओकार सिंह, राजू सिंह शेखावत, रामचंद्र सिंह शेखावत, महेन्द्र सिंह शेखावत, रामसिंह शेखावत, बजरंग लाल जागीड,बनवारी लाल स्वामी, पालाराम कुमावत, राजेन्द्र कटारिया, कुलडाराम कटारिया,संजय पणिहार, रमजान, मामराज बेरवाल, रतन कुमावत, मिठू मिस्त्री आदि मौजूद रहे। अन्त में रणवीर सिंह पुनिया ने सभी का आभार जताया।

## किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करें: काला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राउमावि हनुमानपुरा प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला कहा कि आज का समय विज्ञान व तकनीकी का युग है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रहते हुए अपने बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। काला शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर अध्यक्षीय रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश हित की भावना को आगे रखते हुए हमेशा नवाचार करें। उन्होंने कहा की विद्यार्थी हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें, बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत करें और कभी भी सीखना बंद ना करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश व समाज के विकास के लिए कार्य करें और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समारोह के मुख्य अतिथि सीबीईओ पवन कुमार रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने गत वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों तथा खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतिया दी। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूनम गढ़वाल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सुनील जांगिड़ दिनेश सैनी, कुलदीप सिंह, संगीता , सरिता, मरूधर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ठीकरिया में रक्तदान शिविर: 101 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स

**जाजोद।** ग्राम पंचायत ठीकरिया की राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एसके मेडिकल कॉलेज सीकर की टीम द्वारा कुल 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर स्व. सूरजमल रूंडला, स्व. कमला देवी और स्व. मनोज रूंडला की स्मृति में आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता मोहन रूंडला ने बताया शिविर में महिला-पुरुषों और युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंडेला विधायक सुभाष मील ने इस अवसर पर कहा कि नियमित रक्तदान न केवल जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा करता है।

## विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन, संत सानिध्य में गूंजा शिवाजी बस्ती परिसर

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** शहर के शिवाजी बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम में संत सानिध्य उदासर धाम के पूज्य संत दयानाथ जी महाराज की पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता दीपचंद बिहानी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में रामकिशन ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथि के रूप में तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा सुमन भंसाली व आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में एकता, संस्कारों की मजबूती और राष्ट्रहित में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। रामकिशन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकजुटता, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म, समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा सुमन भंसाली ने अपने संबोधन में मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की उन्नति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनिल शर्मा का आयोजन समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह, दुपट्टा व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन में बस्ती के 30 से अधिक सफाई सैनिकों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। जिससे कार्यक्रम में सेवा और सम्मान का भाव स्पष्ट झलका। कार्यक्रम में समिति के शोभाकांत स्वामी, राधेश्याम भार्गव, अशोक कसेरा, महेंद्र स्वामी, सुरेश वर्मा, बृजमोहन सोनी, रामकिशन पारीक, अमित वर्मा, महावीर मिमानी, सुबोध सेठिया, राजीव व्यास, रघु पारीक, रचना कम्मा, जयश्री वर्मा, राजकुमारी सेठिया, संजू कम्मा, पिंकी सोनी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व सज्जन शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन का समापन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और सेवा भाव के संकल्प के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का संचालन विशाल बोरड ने किया।

## जयपुर जिले के हर गांव और कस्बे में गूंज रही कबड्डी

## जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी के प्रयास ला रहे रंग, खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में सशक्त माध्यम बनी पंच गौरव योजना

### तजयपुर में कबड्डी के 1 हजार 173 मैदान और 20 सिंथेटिक मेट मैदान हुए तैयार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा की अनुपालना में जयपुर में जिला प्रशासन की ओर से पंच गौरव योजना का प्रभावी क्रियान्वयन व प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक खेल के रूप में कबड्डी को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की ओर से जिले में योजना की प्रगति की सतत समीक्षा करते हुए खेल गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। यही कारण है कि जयपुर जिले के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में आज कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है और ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक युवा प्रतिभाएं कबड्डी के मैदानों में अपना हुनर निखार रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में कबड्डी को बढ़ावा देते हुए जिला प्रशासन जयपुर की ओर से युवाओं की प्रतिभाओं को तलाशने व तराशने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कबड्डी ग्रामीण परिवेश में सहज, सुलभ एवं लोकप्रिय खेल है, जो युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिले में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक कर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिले के प्रत्येक राजस्व गांव में कबड्डी मैदान विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत अब तक 1 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपये व्यय कर 1 हजार 173 कबड्डी मैदान तैयार किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय मद एवं भामाशाहों के सहयोग से 32 लाख 70 हजार रुपये की लागत से जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सिंथेटिक मेट मैदान तैयार किए गए हैं, जबकि फागी ब्लॉक में दो सिंथेटिक मेट मैदान विकसित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन मैदानों पर जिले के युवा खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। जिला एवं उपखंड प्रशासन के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें भामाशाहों द्वारा भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही सांगानेर, जोबनेर एवं झोटवाड़ा ब्लॉक में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है, जहां अन्य खेलों के साथ-साथ कबड्डी के लिए भी समुचित मैदान विकसित किए जाएंगे। डॉ. कुमावत ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजकीय एवं निजी विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को अन्य खेलों के साथ-साथ कबड्डी खेल का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को ब्लॉक, जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अवसर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक खेल कबड्डी को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 21 लाख 50 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है। साथ ही, युवाओं को अन्य राज्यों के खिलाड़ियों से रूबरू करवाने के लिए 9 लाख रुपये तथा कबड्डी खेल के उपकरणों की खरीद के लिए 10 लाख रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब लुमास की टीम ने जीता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** धनूरी में चल रही 65 वी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच लुमाश ने चेलासी को प्लेंटी शूट आउट में 4_2 से हराकर फाइनल मैच जीता। नव युवक मंडल संजय शर्मा ने बताया कि धनुरी में चल रही 65 वी फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीम ने भाग लिया। बताया कि विजेता टीम को 21000 हजार ओर ट्रॉफी ओर उप विजेता टीम को 11000 हजार ओर ट्रॉफी का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच में उपस्थित अतिथियों ने लुमाश टीम को बधाई दी। उसके बाद नवयुवक मंडल लुमाश की ओर से धनूरी से लेकर लुमास गांव के आम चौक तक गाजे बाजे के साथ ट्रॉफी के साथ नाचते गाते आए। गांव के आम चौक पर नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों को ग्रामीण महिला और पुरुषों की ओर से बधाई दी गई। इस दौरान अमेरिका प्रवासी कमलेश साईं ने फाइनल मैच की जीत की खुशी में बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को 5100 रुपए की राशि देकर जल पान करवाया। नवयुवक मंडल लुमाश के अध्यक्ष अरविंद शेखावत व मंडल सदस्य की ओर से ट्रॉफी को महात्मा गांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान कैलाश जांगिड़ को ट्रॉफी प्रदान की गई। संस्था प्रधान ने सभी को फाइनल मैच जीतने की शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर संजय शर्मा, दिनेश गोदारा, अजीत सिंह , अरविंद शेखावत सरवन साईं, सुनील शेखावत,रविन्द्र शेखावत, राहुल बुगालिया, अजय सिंह निर्बान, करम वीर शर्मा, दीपचंद म्हारिया ललित, मेनपाल, योगेश, जुगल किशोर, राजेश सैनी, बाबू सिंह शेखावत आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## निधारा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड बाड़ी नगर के गांव निधारा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि देवी सिंह रहे व मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.शिवदयाल मंगल का पाथेय रहा। सर्वप्रथम भारत माता व प्रभु श्री राम के चित्र पर पुष्पमाला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई और कार्यक्रम में पधारे सभी प्रबुद्धजनों व सनातनियों का भगवा पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. शिवदयाल मंगल ने पाथेय में कुटुंब प्रबोधन व सर्व हिन्दू समाज को सामाजिक एकता, समरसता, प्रेम, सद्भाव व भाईचारे के साथ एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को जात-पात को छोड़कर केवल देशहित के लिए कार्य करना चाहिए जिससे हमारा देश अखंड एवं विकसित राष्ट्र बने। कार्यक्रम में डॉक्टर जितेंद्र शर्मा, राम लखन सरपंच, बच्चूसिंह, हेम सिंह, राम मुकुट, बारिस, रामसहाय, कमल सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, अवतार, सुल्तान, कमलसिंह, सोबरन सिंह समेत काफी संख्या में सनातनी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने देशभक्ति के जय घोष लगाए गए।

## विप्र स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया, नवीन कार्यकारिणी का किया गठन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को विप्र स्नेह मिलन, नवीन कार्यकारिणी घोषणा, नियुक्ति व मनोनयन पत्रक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सरपंच राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री गोरीशंकर, बाबू पाटिल, पं. बनवारीलाल शर्मा, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, फतेहचन्द सोती, चन्दनमल सारस्वत, महावीर प्रसाद पंचारिया, ओम सारस्वत, कृष्ण मुरारी पाण्डे मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पं. नीरज गौड़, पं. भूपेश तिवाड़ी, पं. श्रीराम शर्मा व पं. सज्जन लाटा ने वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत् पूजा-अर्चना करवायी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण महासभा विप्र जनों के हित के लिए कार्य करने वाला सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य सर्व समाज को साथ लेकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा का 10 देशों में गठन के बाद एक अंतरराष्ट्रीय संस्था बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विप्र समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये महासभा की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर विप्र हॉस्टल व सामुदायिक केन्द्र बनवाने के लिए प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि समाज को मजबूती के साथ खड़ा होना चाहिए, जिससे समाज की गौरव और प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिले। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सरपंच राकेश शर्मा ने कहा कि हम सब के लिए गौरव की बात है, कि राजस्थान में एक ब्राह्मण मुख्यमंत्री है, जो सफलतापूर्वक प्रदेश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष वैद्य बनवारी लाल शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि चूरू को छोटी काशी के रूप में जाना जाता है और यह विप्र स्नेह मिलन समाज में सकारात्मक भाव पैदा करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि चूरू के सभी वरिष्ठजन व समाज के आमजन को साथ लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है, यदि संगठित रहेंगे तो हमारी बात को मजबूती के साथ सुना जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा ने कहा कि समाज व्यक्ति की सबसे बड़ी पुंजी होती है और समाज में एकता ही व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर देती है। भाजपा नेता ओम सारस्वत ने विप्र समाज को कर्मशील, मर्मशील और संवेदनशील बताते हुए कहा कि विप्र समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्यकारिणी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी में नरेन्द्र काछवाल, पुनित लाटा व मनोज शर्मा को महामंत्री, कमल वशिष्ठ, सुरेश सारस्वत, प्रदीप अत्री, अरविन्द इन्दौरिया व अशोक शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष, जिला व जिला कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। वीणा देवी गौड़, मधुबाला गौड़, हंसा शर्मा, सरोज हारित, रमा नवहाल, चंदा बंसिया, विनिता शर्मा, ममता जोशी, नंदनी शर्मा, चंदा कौशिक, प्रभा धंधावत, निहारिता शर्मा व अर्चना औझा को महिला मोर्चा की पदाधिकारी नियुक्त किया। इस अवसर पर योगेश गौड़, रामस्वरूप शर्मा, कर्ण शर्मा, राकेश औझा, विनय गौतम, किशन पारीक, जितेन्द्र शर्मा, डॉ. रविकांत शर्मा, सुरेश चोटिया, बीरबल शर्मा, भास्कर शर्मा, सोमेश शर्मा, कमल शर्मा, श्रवण शर्मा, अनिल दाधीच, राजीव शर्मा, राकेश शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच, नरेन्द्र लाटा, महेन्द्र दाधीच, बालकृष्ण बावलिया, सुरेन्द्र बावलिया, मदन शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, अमित तिवाड़ी, नवरतन शर्मा, घनश्याम शर्मा, पवन शर्मा, विनिता शर्मा, महेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग व मातृ शक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज योगाचार्य, लक्ष्मीकांत औझा व रवि दाधीच ने किया।